(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

पुरस्कार जीतने के बारे में सोचकर ...8



शनिवार, 15 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 27 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## कश्मीर में जवानों ने नाच-गाकर मनाई लोहड़ी, एलओसी के पास गानों की धुनों पर थिरके जवान

नई दिल्ली। कोरोना महामारी की तेज लहर के बीच इस बार लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व की रौनक पहले जैसी नहीं दिख रही है और लोग सादगी के साथ ही त्योहार मना रहे हैं। जहां तक अपने परिवारों से दूर रहकर देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हमारे जवानों की बात है तो उन्होंने भी बड़ी सादगी लेकिन उत्साह के साथ लोहड़ी पर्व मनाया। आइये सबसे पहले बात करते हैं बारामूला की जहां एलओसी के पास अलाव जलाकर जवानों ने नाच गाकर लोहड़ी मनाई। वहीं बीएसएफ के जवानों ने भी जम्मू—कश्मीर के पुंछ जिले में लोहड़ी का त्योहार मनाया। इस दौरान अलाव जलाया गया था। जवानों ने हंसी खुशी के साथ एक दूसरे से मिल बांटकर रेवड़ी, मूंगफली और गजक आदि खाई। पुस्तक विक्रेता परेशानः आजकल के इस ऑनलाइन जमाने में हर किसी को घर बैठे कोई भी चीज आसानी से हासिल हो जाती है। आपको बाजार जाकर कुछ खरीदने की जरूरत नहीं है बस शॉपिंग साइट के एप पर जाइये और फटाक से मनचाही वस्तुएं मंगवा लीजिये। इससे उपभोक्ता भी खुश हैं और



ई—कॉमर्स कंपनियां भी लेकिन जो दुकानदार हैं वो परेशान हैं क्योंकि ग्राहकों की आवक कम हो गयी है। अब किताबों की दुकान को ही लीजिये। ऑनलाइन बाजार से पुस्तक विक्रेताओं को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रभासाक्षी संवाददाता ने श्रीनगर में जब प्रसिद्ध पुस्तक विक्रेताओं से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से ऑनलाइन पुस्तकें मंगवाने पर पाठक को भारी छूट मिल रही है जिससे हमें काफी नुकसान हो रहा है। साथ ही पुस्तक विक्रेताओं का यह भी कहना है कि लोगों की अब पढ़ने में रुचि कम होती जा रही है जिससे पुस्तकों की बिक्री पर काफी असर पड़ा है। कश्मीर का मौसमः आइये अब बात करते हैं कश्मीर के मौसम की। कश्मीर में भीषण ठंड के कहर के बीच अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले कुछ दिनों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज करने का पूर्वानुमान लगाया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात घाटी के अधिकतर इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। केवल उत्तर कश्मीर के गुलमर्ग रिजॉर्ट में न्यूनतम तापमान एक दिन पहले के मुकाबले तापमान अधिक दर्ज किया गया। वहां, तापमान शून्य से 10.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले वहां तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस था। गुलमर्ग में लगातार छह दिन से न्यूनतम तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस नीचे या उससे भी कम है। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 10.3 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। जम्मू—कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 7.8 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। वहीं, दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में तापमान शून्य से 7.5 डिग्री सेल्सियस नीचे और उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में शून्य से 4.2 सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। ऐसी कड़ाके की सर्दी में सूखी सब्जियों की बहुत मांग है। हम आपको बता दें कि कड़ाके की सर्दी के दौरान सूखी सब्जियों का उपयोग करना कश्मीर की सदियों पुरानी परंपराओं में से एक है। इस दौरान बाहर से सब्जियां आ नहीं पातीं इसलिए सूखी सब्जियों को ही मुख्य आहार माना जाता है।

## दिल्ली के गाजीपुर में लावारिस बैग में मिला बम

### एनएसजी ने बड़े गड्ढे में IED को डिफ्यूज किया

पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर फूल मंडी के गेट नंबर 2 के बाहर एक लावारिस बैग मिलने से हड़कंप मच गया। स्पेशल सेल के अधिकारी मौके पर थे और विशिष्ट आतंकवाद निरोधी बल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) को भी बुलाया गया। जानकारी के अनुसार बैग मिलने की सूचना पीसीआर कॉल के जरिए सुबह 10.20 बजे मिली। दिल्ली पुलिस ने कहा कि मौके पर दमकल की गाड़ियां भी भेजी गईं। बैग को खोलने पर अंदर से बम मिला। जिसे पहले बम निरोधक दस्ते ने बाहर ही डिफ्यूज करने की कोशिश की लेकिन बाद में उसे एक गड्ढे में डालकर डिफ्यूज किया गया। आईईडी होने की जानकारी मिली जिसके बाद जेसीबी के जरिए एक बड़ा गड्ढा खोदा गया। फिर एनएसडी के बड़े दस्ते ने आईईडी को गड्ढे में डाल कर डिफ्यूज किया गया। बैग मिलने के साथ ही पुलिस अब आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है और पता करने की कोशिश कर रही है कि आखिर बैग यहां पर किसने रखा।




## समर्थक विधायकों के साथ साइकिल पर सवार हुए स्वामी प्रसाद मौर्य

# कहा– यूपी को भाजपा से कराएंगे मुक्त

लखनऊ। हाल में ही योगी सरकार से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य, और धर्म सिंह सैनी कई और विधायकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। अखिलेश यादव की मौजूदगी में स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी के अलावा कई विधायक समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में इन सभी नेताओं ने समाजवादी पार्टी का दामन थामा। हालांकि आज दारा सिंह चौहान पार्टी में शामिल नहीं हुए हैं। बताया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में वह भी समाजवादी पार्टी में शामिल हो जाएंगे। भाजपा छोड़ने के बाद भगवती सागर, विनय शाक्य, रोशन लाल वर्मा, मुकेश वर्मा, बृजेश कुमार प्रजापति समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज 14 जनवरी मकर संक्रांति का दिन भारतीय जनता पार्टी की समाप्ति




का इतिहास लिखने जा रहा है। मौर्य ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी के वह नेता जिन्हें हमसे बात करने की फुर्सत नहीं थी। हमारे जाने के बाद अब उन्हें नींद ही नहीं आ रही है। इस अवसर पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कहा कि मुझे लगता है कि सरकार के लोगों को पहले ही पता लग गया था कि स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी के साथ बड़ी संख्या में लोग आ रहे होंगे इसलिए हमारे मुख्यमंत्री पहले ही गोरखपुर चले गए। हालांकि उनकी 11 मार्च की किसी ने टिकट बुक कर रखी है। इससे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज भाजपा के खात्मे का शंखनाद बज गया है। भाजपा ने देश और प्रदेश की जनता को गुमराह कर उनकी आंखों में धूल झोंकी है और जनता का शोषण किया है। अब भाजपा का खात्मा करके उत्तर प्रदेश को भाजपा के शोषण से मुक्त कराना है। वहीं धर्म सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 5 सालों में पिछड़ों, दलितों का राजनीतिक, आर्थिक, रोजगार और आरक्षण के क्षेत्र में पूरी तरह से शोषण हुआ। इसे देखते हुए हम पिछड़े, घ्दलित वर्ग के लोग मकर संक्रांति के समय समाजवादी पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं।

## कोविड-19 के मामले बढ़ रहे, लेकिन मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने की दर और मृत्यु दर कम:केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय



राजधानी में कोविड–19 के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं हैं क्योंकि मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने की दर और मृत्यु दर कम है। उन्होंने लोगों को जिम्मेदाराना व्यवहार करने को कहा और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार ने सभी तैयारियां की हैं और अस्पताल में पर्याप्त बिस्तर (बेड) हैं। केजरीवाल ने पत्रकारों से कहा, '' घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने की दर और मृत्यु दर कम है। हमने सभी तैयारियां की हैं और अस्पतालों में बिस्तर की कमी नहीं है।'' स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में बृहस्पतिवार को कोविड–19 के सर्वाधिक 28,867 नए मामले सामने आए थे, जबकि 31 और मरीजों की इससे मौत हो गई थी। वहीं, संक्रमण दर बढ़कर 29.21 प्रतिशत हो गई थी।

## वाराणसी में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता घर से देंगे वोट, बीएलओ द्वारा किया जा रहा निरीक्षण



वाराणसी।इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए, निर्वाचन आयोग ने अस्सी वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं को, घर से मतदान की सुविधा देने के लिए निर्देश दिया है। इसी क्रम में, वाराणसी जिले के 42786 अस्सी वर्ष के ऊपर के मतदाताओं और 24615 दिव्यांग मतदाताओं की सूची लगभग तैयार हो चुकी है। इन सभी वोटरों के मतदान के लिए इनके एड्रेस का वेरिफिकेशन भी किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी कौशल राज शर्मा के निर्देशानुसार, सभी नियुक्त बीएलओ दिव्यांग और अस्सी वर्ष के ऊपर वाले इन मतदाताओं के घर जाकर निरीक्षण करेंगे। सभी बीएलओ को मतदाता के उक्त एड्रेस की जानकारी इकट्ठा करनी है, और वह बूथ पर जाकर वोट देना चाहते हैं, या घर पर वोटिंग की सुविधा चाहते हैं, इस बात को पूछना है। अगर कोई मतदाता अपनी उम्र या दिव्यांगता को दर्शाते हुए घर पर वोटिंग की सुविधा चाहता है तो, उनका नाम मतदाता सूची में मार्क कर लिया जाए, ताकि वह बूथ और घर दोनो जगहों पर मतदान का प्रयोग ना कर सके। वाराणसी जिले में कुल 3361 बूथ है, और सभी वोटिंग बूथों पर बीएलओ की भी नियुक्ति की जा चुकी है।

## राज्य चुनाव आयोग बंगाल निकाय चुनाव टालने की संभावनाएं तलाशनेः उच्च न्यायालय

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) को पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर चार नगर निगमों में निकाय चुनाव चार से छह सप्ताह के लिए स्थगित करने की संभावनाएं तलाशने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी की पीठ ने 13 जनवरी के अपने आदेश में कहाकि राज्य चुनाव आयोग इस संबंध में 48 घंटे के भीतर निर्णय ले। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि एसईसी को राज्य में कोविड–19के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखना होगा।

## मकर सक्रांति के पर्व पर घाटों पर कम संख्या में दिखे श्रद्धालु

वाराणसी।सूर्य देव के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने पर, उनकी और भगवान विष्णु की पूजा होती है, इस मौके पर हिंदू मकर संक्रांति का पर्व मनाते है। आज के दिन पुण्य प्राप्त करने के लिए भक्त दूर दूर से गंगा घाटों पर स्नान के लिए आते है। लेकिन इस बार कोरोना की पाबंदियों के चलते घाटों पर भीड़ काफी कम नजर आ रही है। दशाश्वमेध घाट के पुरोहित राजू तिवारी ने बताया की, नए वर्ष के सूचक, मकर संक्रांति के पर्व पर देवतागण भगवान विष्णु की पूजा करते है, और आज के दिन गुड़, काली तिल, और खिचड़ी दान करने की परंपरा है। इस दिन गंगास्नान का भी महत्व है। उन्होंने बताया की, पिछले साल की अपेक्षा, इस साल गंगास्नान करने वालों की संख्या काफी कम है, उन्होंने लोगों को कोरोना से सचेत करते हुए, कहा की लोग अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए ही, घाटों पर स्नान के लिए आए। घाट पर आए एक बुजुर्ग श्रद्धालु ने बताया की, मकर संक्रान्ति को हर जगह अलग–अलग नामों से जाना जाता है। आज



सूर्य के उत्तरायण होने के साथ ही, देवताओं के लिए दिन, और राक्षसों की रात्रि हो जायेगी। उन्होंने बताया की महाभारत में भीष्म पितामह ने भी उत्तरायण के समय ही प्राण त्यागे थे, क्योंकि आज से होने वाले सभी कार्य मंगलमय होते है। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा की, मकर संक्रांति पर दान देना शुभ माना जाता है, और आज काशी, हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन, पूरी आदि सभी तीर्थस्थानों पर आज गंगा स्नान करने की विधि है। उन्होंने बताया की, महामारी की वजह से, घाटों पर भीड़ काफी कम नजर आ रही है, नही तो यहां इन पर्वों पर चार से पांच लाख श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। उन्होंने बताया की, आज के दिन गंगा स्नान से पुण्य की प्राप्ति, और दान से राजसूय यज्ञ की प्राप्ति होती है, जिससे परिवार में सुख और समृद्धि आती है। घाट पर आई एक महिला श्रद्धालु पायल मिश्रा ने बताया की, आज खरवास खत्म होता है, एवं सभी शुभ कार्यों की शुरुआत होती है। आज लोग पीले कपड़े पहनकर उड़द की दाल, गुड़, चावल इत्यादि का दान करते है, एवं पट्टी, गुड़ खाकर मीठे से शुरुआत करते है। आज के दिन खिचड़ी बनाने की भी परंपरा है, और लोग कपड़े, पैसे, कम्बल आदि का भी दान देते है। उन्होंने कहा की कोरोना के समय जो लोग घाटों पर नहीं आ रहे है, वो घर पर गंगाजल मिला कर भी स्नान कर सकते है।

## संतुलन बनाए रखने पर अमेरिका का ध्यान,एस–400 मिसाइल खरीद मामले में भारत को मिल सकती है CAATSA प्रतिबंधों में छूट

भारत में रूस के सर्फेस टू एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस 400 की पहली खेप पहुंच चुकी है। रूस के साथ हुए भारत के इस बेहद खास रक्षा सौदे से यूं तो सबसे ज्यादा परेशानी पाकिस्तान और चीन को है। लेकिन इन लोगों को उम्मीद थी कि अमेरिका भी इस सौदे को लेकर भारत पर दवाब बनाएगा। लेकिन अभी तक अमेरिका भारत पर कार्रवाई करने का कोई फैसला नहीं कर पाया है। लेकिन अब कात्सा प्रतिबंधों और रूस के एस 400 वायु रक्षा प्रणाली को लेकर अमेरिका की तरफ से बड़ा संकेत देखने को मिला है। प्रतिबंधों से भारत को मिलेगी राहत! : बाइडेन प्रशासन रूसी एस –400 वायु रक्षा प्रणाली खरीदने के लिए भारत के खिलाफ प्रतिबंधों में छूट दे सकता है। बुधवार को एक प्रमुख अधिकारी



ने कहा कि वाशिंगटन को घरेलू कानून के खिलाफ चीन से जुड़े भू–रणनीतिक विचारों को तौलना होगा जो दंडात्मक कार्रवाई का आह्वान करता है। राष्ट्रपति बाइडन के प्रतिनिधि जेम्स ओ ब्रायन ने कहा कि अमेरिका नहीं चाहता है कि भारत रूस से एस–400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदे लेकिन राष्ट्रपति द्वारा नयी दिल्ली को कात्सा से छूट देने की बढ़ती मांग पर अमेरिका को महत्वपूर्ण भू–रणनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखना होगा। संतुलन बनाए रखना जरूरीः प्रतिबंध लगाने वाली इस प्रतिबंध नीति के समन्वयक के तौर पर नामित हुए जेम्स ओ'ब्रायन ने संतुलन बनाने पर जोर दिया है। यंग ने कहा, ''चीन के खिलाफ हमारी प्रतिस्पर्धा में भारत एक महत्वपूर्ण सहयोगी है और इसलिए मेरा मानना है कि हमें ऐसी किसी भी कार्रवाई का विरोध करना चाहिए जो उन्हें हमसे और क्वाड से दूर कर सकता है। इसलिए हमारे साझा विदेशी नीतिगत हित को देखते हुए मैं भारत के खिलाफ कात्सा प्रतिबंधों में छूट का पुरजोर समर्थन करता हूं। विदेश विभाग के संयोजक के पद पर जेम्स ओ'ब्रायन की पुष्टि हुई है। अमेरिका क्यों कर सकता है कार्रवाईः अमेरिका का एक कानून है काटसा जिसके तहत प्रावधान है कि अमेरिका अगर किसी देश पर कोई पाबंदी लगाता है तो उस देश के साथ बड़ा रक्षा सौदा करने वाले देश पर भी वो पाबंदी लग जाती है। यूक्रेन के साथ रूस की तनातनी के बाद साल 2017 में अमेरिका ने रूस के खिलाफ काटसा कानून को लागू कर दिया था। इसके बाद भारत से पहले तुर्की ने रूस से एस 400 की डील को अंजाम दिया। तुर्की नाटो संगठन में अमेरिका का पार्टनर भी है। इसके बावजूद उस पर काटसा के तहत कार्रवाई की गई। लेकिन भारत के खिलाफ अभी तक कोई भी फैसला नहीं हो सका है।



# डीएम ने उल्लेखनीय टीकाकरण हेतु सीएचसी कैसरगंज, रिसिया व विशेश्वरगंज को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

बहराइच। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र द्वारा राष्ट्रीय औसत से अधिक प्रथम डोज एवं राज्य औसत से अधिक द्वितीय डोज का टीकाकरण कराये जाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज के अधीक्षक डा. एन. के. सिंह, रिसिया के डा. अतुल श्रीवास्तव तथा विशेश्वरगंज के डा. उत्कर्ष मिश्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज में राष्ट्रीय औसत से अधिक प्रथम डोज 95.7 प्रतिशत एवं राज्य औसत से अधिक द्वितीय डोज के 72.2 प्रतिशत, रिसिया में प्रथम डोज 93.2 प्रतिशत एवं द्वितीय डोज 74.3 प्रतिशत तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विशेश्वरगंज में प्रथम डोज 96.3 प्रतिशत एवं द्वितीय डोज 69.3 प्रतिशत व्यक्तियों का टीकाकरण कराया गया है।

उन्होंने बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण एवं बचाव हेतु वैज्ञानिक पद्धति के अन्तर्गत परीक्षित कोविड–19 टीकाकरण उत्तर प्रदेश शासन की प्रथम प्राथमिकता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भी 'विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022' के दृष्टिगत निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुरक्षित निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये शत–प्रतिशत टीकाकरण कराये जाने के निर्देश के अनुपालन में किये जा रहे भागीरथी प्रयास के लिये मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रत्येक दिवस सांयकाल 8.00 बजे की जा रही अनवरत समीक्षा, मार्गदर्शन, अनुश्रवण एवं विगत एक वर्ष की अवधि में अनवरत किये गये सामूहिक प्रयास तथा मेरे द्वारा भी विगत 6 माह की अवधि में सतत् पर्यवेक्षण अनुश्रवण, अभिप्रेरणा के फलस्वरूप जनपदीय अधिकारियों के सम्मिलित ऊर्जावान सहयोग से टीम भावना के साथ सामूहिक अभिरूचि परिश्रम एवं मनोयोग से किये गये कार्य का परिणाम है।

उन्होंने बताया कि यह परिणाम सम्बन्धित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीक्षकों और उनकी टीम की उत्कृष्ट कार्यशैली का द्योतक है। टीकाकरण की उपलब्धि उल्लेखनीय तथा शत–प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अधीक्षकों का प्रयास प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है। टीम के सार्थक प्रयास की प्रशंसा करता हूँ। आशा है कि सम्बन्धित अधीक्षक एवं उनकी टीम टीकाकरण के शत–प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने की मुहिम में सफल होंगे। इसके अलावा अधीक्षक एवं उनकी टीम अन्य सभी शासकीय कार्यों को पूर्ण निष्ठा एवं कर्तव्य परायणता से करते हुये नये आयाम स्थापित करेंगी। मेरे इस भावना से टीम को अवगत करा दें। आपके स्वस्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

## प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी कमेटी की अध्यक्षता में कमेटी की बैठक सम्पन्न

गोण्डा। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के प्रभारी अधिकारी मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एमसीएमसी कमेटी की महत्वूपर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें समिति के सदस्यों के साथ कोविड के चलते विधानसभा निर्वाचन2022 में सोशल मीडिया और मीडिया की अहम भूमिका को लेकर गंभीर चर्चा हुई।

बैठक में सोशल मीडिया की सघन मानीटरिंग के निर्देश देते हुए प्रभारी अधिकारी जयनाथ यादव ने सभी उपजिलाधिकारियों, मीडिया के सदस्यों तथा सूचना विभाग के अधिकारियों–कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चूंकि कोविड संक्रमण के कारण इस विधानसभा चुनाव में सोशल मीडिया एवं मीडिया की भूमिका बहुत अहम हो गई है, ऐसे में यह आवश्यक है कि एमसीएमसी समिति के लोग मीडिया की हर गतिविधि पर नजर रखें तथा उल्लंघन के मामलों में निष्पक्ष भाव से त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित को नोटिस जारी कराएं तथा यथा आवश्यक एफआईआर भी दर्ज कराएं।

बैठक में एसडीएम सदर विनोद कुमार सिंह, करनैलगंज हीरालाल, मनकापुर कीर्ति प्रकाश भारती, तरबगंज कुलदीप सिंह, एसडीएम शत्रुघ्न पाठक, डीडी सूचना डा0 राजेन्द्र यादव, समिति के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार कैलाशनाथ वर्मा, तेज प्रताप सिंह, जानकी शरण द्विवेदी, पीपी यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी अमरेश कुमार, ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित गुप्ता, सूचना विभाग से अरुण सिंह, शिव शंकर, सुशील कुमार, राजेश दूबे उपस्थित रहे।

## तीन लोगों के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

गोंडा। तहसील में अपनी जमीन का बैनामा करने आये बुजुर्ग को जबरन तहसील से उठा ले जाने के बाद उसकी मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाली पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना करनैलगंज पुलिस ने गैरइरादतन हत्या करने के वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि उक्त अभियुक्तों ने मृतक हरदेव सिंह जो हार्ट के मरीज थे, उनको जमीन बैनामा कराने के नाम पर खीचातानी की थी। जिससे हरदेव सिंह निवासी ग्राम खैरम ललवाचक थाना कौड़िया की तबियत बिगड गयी और जिला अस्पताल में ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गयी थी। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। कार्रवाई में सोनल सिंह व पकंज सिंह पुत्र देवता सिंह निवासी ग्राम खैरम ललवाचक थाना कौड़िया तथा शैलेन्द्र सिंह पुत्र रामकृपाल सिंह निवासी ग्राम खैरम ललवाचक थाना कौड़िया को गैर इरादतन हत्या के अभियोग में गिरफ्तार किया गया है।

# स्वामी विवेकानंद जयन्ती का हुआ आयोजन

बहराइच।महामना मालवीय मिशन के तत्वावधान में गायत्री बाल संस्कारशाला सूफीपुरा सिविल लाइंस परिसर में युगद्रष्टा महामानव स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा, हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श बताते हुए नशामुक्त समाज बनाने का समूहिक संकल्प लिया। मालवीय मिशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. आर.सी.चतुर्वेदी राजकीय मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सक एवं विभागाध्यक्ष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद मानव नही अपितु महामानव थे व्यक्ति नही अपितु विचारधारा थे। स्वामी जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही हम भारत को परम वैभव की ओर ले जा सकते हैं।डॉ.चतुर्वेदी ने आवाहन करते हुए कहा कि सामाजिक समस्याओं के निराकरण के लिए सभ्य समाज को प्रभावी नेतृत्व करना चाहिए तभी समाज व देश का नवनिर्माण संभव है। विशिष्ट अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक व प्रभारी डॉ. विनायक शाही ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर हम परिवार, समाज व देश को सही राह दिखा सकते हैं और कृषि समेत सभी क्षेत्र में हम प्रगति की अग्रिम सीमा पर पहुँच सकते हैं।आयोजक मालवीय मिशन अध्यक्ष बहराइच अवध क्षेत्र संजीव श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद को युग पुरूष की संज्ञा से विभूषित करते हुए युवाओं को समाज कार्य मे बढ़चढ़ कर सहभागिता करने का आवाहन किया।मिशन अध्यक्ष ने दिन प्रतिदिन बढ़ रहे अवैध नशा संजाल को समाज के लिए भयावह बताते हुए इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए समाज के लोगों से प्रत्यक्ष सहभागिता व प्रतिकार का आवाहन किया। संचालन रूल ऑफ लॉ सोसायटी के मंडलीय संयोजक अनिल मिश्र ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता रूल ऑफ लॉ सोसायटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबू मैथलीशरण श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। आयोजन गोष्ठी को मालवीय मिशन के महामंत्री आलोक शुक्ल एडवोकेट, उपाध्यक्ष राजेन्द्र अवस्थी एडवोकेट, प्रवक्ता ध्सचिव सी.पी. शुक्ल, प्रवक्ता ६ सचिव पंकज श्रीवास्तव, रूल ऑफ लॉ सोसायटी जिला महामंत्री गौरव वर्मा एडवोकेट, माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष रमेश मिश्र, देव संस्कृति विश्विद्यालय शांतिकुंज के प्रशिक्षु आचार्य दीपक कुमार, गायत्री परिवार के जिला समन्वयक राम कुमार श्रीवास्तव, , समाजसेवी व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ राधेश्याम श्रीवास्तव एडवोकेट, मालवीय मिशन संरक्षक अर्जुन कुमार दिलीप, समाजसेवी व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आर.पी.एन. श्रीवास्तव आदि ने संगोष्ठी को संबोधित कर स्वामी विवेकानंद के बताए हुए रास्ते पर चल कर राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में प्रभावी सहयोग का आवाहन किया तथा अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन आंदोलन चलाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रवक्ता आर.डी. वर्मा, किसान नेता जगदीश सुख्या, लव कुमार निगम एडवोकेट, दिनेश कुमार मौर्य, एस.एन.पाण्डेय, उत्तम पाठक, पंडित जगदीश मिश्र, शास्त्री दुर्गेश मिश्र, शांतनु श्रीवास्तव एडवोकेट, प्राचार्या रेखा श्रीवास्तव, अनुराधा वर्मा, जय गुरुदेव परिजन राम निवास यादव, अधिवक्ता परवेज खान आदि उपस्थित रहे।धन्यवाद ज्ञापन शिखर श्रीवास्तव ने किया।

## दरवाजे से चोर, रोटावेटर चोरी कर ले गये

करनैलगंज(गोंडा)। घर के दरवाजे से चोर रोटावेटर चोरी कर ले गये। पीड़ित ने कोतवाली करनैलगंज में तहरीर दिया है। घटना कोतवालों करनैलगंज अंतर्गत ग्राम सकरौरा ग्रामीण के मजरा बेलवा सम्मय टेपरा से जुड़ा है। यहां के निवासी सियाराम त्रिपाठी ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमें कहा गया है कि उसके दरवाजे पर ट्रेक्टर से चलने वाला उसका रोटावेटर रखा था। रात्रि अज्ञात चोर उसे चोरी कर ले गये। सुबह होने पर रोटावेटर दरवाजे पर नही था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नही चला।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कर नामांकन स्थलों के तैयारियों का लिया जायजा

बहराइच। जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज व अन्य अधिकारियों के साथ विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 के नामांकन प्रकिया के दौरान कोविड–19 संक्रमण के सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का पालन कराये जाने के दृष्टिगत विधानसभा वार नामांकन स्थल चयन की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कर मौके पर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट, जिला सूचना कार्यालय, विनियमित क्षेत्र कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, कलेक्ट्रेट का शिकायत प्रकोष्ठ इत्यादि का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को कोविड–19 के सुरक्षात्मक प्रोटोकाल के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुसार समय से तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर सुभाष सिंह धामी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रदीप कुमार गुप्ता, अवर अभियन्ता विनिमित क्षेत्र बृजेश कुमार व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# गुण्डा एक्ट के तहत 10 अपराधियों को जिला मजिस्ट्रेट ने किया जिला बदर

### 07 व्यक्तियों को 06 माह तक माह में 02 बार उपस्थिति दर्ज कराने हेतु किया गया पाबन्द

बहराइच। जनपद में आसन्न विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एंव शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने तथा विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा 10 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 07 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में प्रत्येक माह की 15 एवं 30 तारीख को आगामी 06 माह तक माह में 02 बार उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना कोतवाली नानपारा अन्तर्गत निवासी पुरानी बाजार अमन पुत्र मिज्जन व मिज्जन पुत्र नजीर खां एवं निवासी ककरी के राज कुमार पुत्र मन्नूराम, थाना हरदी निवासी सिंगिया नसीरपुर के इलियास पुत्र रमजान, थाना पयागपुर निवासी सुनगा राम कुमार पुत्र बच्छराज, थाना हुजूरपुर निवासी चन्दीदासपुर एजाज पुत्र जफर अहमद, थाना कोतवाली नगर निवासी सूफीपुरा पूर्वी फत्ते पुत्र महमूद, थाना रानीपुर निवासी घूरेपुरवा दा. रस्तापुर पप्पू पुत्र बेचू दयाल, थाना रामगांव निवासी खैरा धौकल लल्लन पुत्र झुर्रा व थाना कोतवाली मूर्तिहा निवासी मिलकियत दा. महराज सिंह नगर के सुभाष पुत्र गनेशी को 06 माह के लिए जिला बदर किया गया है। इसके अलावा थाना नवाबगंज निवासी रामनगर गुलरिहा गंगाराम पुत्र बौखल उर्फ बदलू, थाना रूपईडीहा निवासी परागपुरवा दा. अड़गोड़वा जयकरन पुत्र राम गोपाल, थाना कोतवाली नगर निवासी मोहल्ला बशीरगंज शेखर यादव पुत्र मंशाराम, थाना रानीपुर निवासी बसहिया दा. अचोलिया प्रेम कुमार पुत्र जोखू, थाना कोतवाली नानपारा निवासी लोनियनपुरवा दा. ककरी महताब उर्फ महतौ पुत्र पैरू, थाना फखरपुर निवासी लोनडांटा दा. टेड़वा महन्थ कृपाराम पुत्र सन्तराम व मनीष पुत्र अनोखे लाल को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने से सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक प्रत्येक माह की 15 व 30 तारीख को उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

## आचार संहिता का अनुपालन न करने वाले लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि

करनैलगंज(गोंडा)। आदर्श आचार संहिता का अनुपालन न कराने को लेकर एसडीएम ने एक लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए सभी लेखपालों को चेतावनी जारी की है। आचार संहिता लागू होने के चार दिन बाद तक तहसील क्षेत्र में विभिन्न उम्मीदवारों द्वारा लगाई गई चुनावी प्रचार की वॉल पेंटिंग नहीं हटी थी। पांचवें दिन एसडीएम द्वारा जारी नोटिस के बाद संबंधित लेखपाल ने मौके पर खड़े होकर जगह–जगह की वॉल पेंटिंग को मिटवाया। उप जिलाधिकारी अधिकारी हीरालाल ने संबंधित अधिकारीयों को पत्र जारी किया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के पालन के संबंध में आप लोगों को पूर्व में निर्देशित किया गया सरकारी वाणिज्य संपत्तियों पर जो चुनाव प्रचार सामग्री बैनर, पोस्टर, होर्डिंग व वॉल पेंटिंग लगाई गई हैं। उसे तत्काल प्रभाव से हटवा दें लेकिन शिकायतें प्राप्त हो रही है कि विभिन्न पार्टियों एवं संभावित प्रत्याशियों द्वारा सरकारी व निजी संपत्तियों पर लगाई गई चुनाव प्रचार सामग्री अभी भी लगी हुई हैं, जोकि अत्यंत आपत्तिजनक है।

## डीएम की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ड्रोन द्वारा फर्टिलाइजर स्प्रे का सफल परीक्षण

बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम पर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में ड्रोन द्वारा फर्टिलाइजर स्प्रे का सफल परीक्षण इंजीनियर मनोज व बखरुद्दीन द्वारा उपनिदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला उद्यान अधिकारी पारसनाथ, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ०बी०पी० शाही, डॉ पी के सिंह डॉ शैलेंद्र सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अभियंताओं द्वारा बताया गया कि 4 घंटा बैटरी चार्ज होने पर 2 से 3 एकड़ में छिड़काव किया जा सकता है। यह ड्रोन कम ऊंचाई पर उड़ान भरकर छोटे आकार के खेतों में भी कार्य कर सकता है। किसानों के लिए काफी उपयोगी है। जिलाधिकारी द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्र पर मसूर प्रजाति पंत मसूर 8य 9य11य व 406 यगेहूं प्रजाति एचडी 3226, यूपी 26 व 28, बीबीडब्ल्यू 1105, यूपी 2865, यूपी 2855, एचडी 3086, यूपी 2903, बीबीडब्ल्यू 252, बीबीडब्ल्यू 222, साबरमती बीबीडब्ल्यू 187, एचडी 3271, जौ प्रजाति, डीडब्ल्यू आरबी 137, यूपी 1008, सरसों प्रजाति सीएस 56, प्याज नर्सरी ,एनएचआरडी रेड 4, लहसुन प्रजाति, जी 282 व जी 323 व पाली हाउस मे शिमला मिर्चय अचारी मिर्चय पूसा चेरी टमाटर1 का निरीक्षण भी किया गया। साथ ही साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा कृषक हित में और बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

# डॉक्टर फसल यूरिया का मार्केट में हुआ शुभारंभ

### ऽ अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के गोदाम पर पहुंची पहली रैक

अयोध्या। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 10 माल गोदाम पर डॉक्टर फसल यूरिया की पहली रैक पहुंची जहां पर डॉ. फसल यूरिया की रैक का विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ के बाद ढोल नगाड़े बजा कर व गुब्बारों से सजाकर इस डॉक्टर फसल यूरिया का स्वागत कर शुभारंभ किया। अब ये डॉ. फसल यूरिया सभी किसानों को उचित दर पर मिलेगी और किसान भाई इस यूरिया का लाभ ले कर अच्छी तरह की फसल उगा पाएंगे और लाभ ले सकेंगे। वही डॉक्टर फसल यूरिया के डायरेक्टर मैनेजर मुकेश जयसवाल ने बताया कि ये मैटिक फर्टिलाइजर द्वारा उत्पादित डॉ. फसल यूरिया है। जिसकी पहली रैक अयोध्या कैन्ट माल गोदाम पर आई है। जिसके शुभारंभ का आयोजन है। इस यूरिया के द्वारा पूर्वांचल के किसानो को लाभ मिलेगा। इस यूरिया के दानो की और बैग की गुणवत्ता काफी अच्छी है यह गुजरात के कनोडिया फैमिली द्वारा स्थापित कंपनी है मेट्रिक फर्टिलाइजर एंड कंपनी जो कि एशिया की सबसे हाईएस्ट फीलिंग टावर हमारी कंपनी में लगा हुआ है उसके द्वारा सबसे सर्वोत्तम उत्तम क्वालिटी का यूरिया का दाना उत्पन्न किया जाता है और व बोरा आज से यहाँ अयोध्या में उपलब्ध है डॉ फसल यूरिया के नाम से इससे किसानों को लाभ यह होगा कि समय से किसानों को यूरिया मिलती रहेगी और वो भी उचित रेट पर और कहा कि हमारे यहाँ जो मैटेरियल तैयार होता है वो समय से किसानों तक पहुँच जाता है जिससे यूरिया के नाइट्रोजन परसेंटेज है 46 प्रतिशव वो मेंटेन रहते है। जिससे किसान जब यूरिया खेत में डालते हैं उससे उनको पूरा लाभ खेती की किसानी में मिलता है और डॉक्टर फसल यूरिया का की गुणवत्ता पूरी दिखाई देगी। और इस यूरिया में खास बात ये है कि बॉयूरैट परसेंट इसमे काफी कम है बॉयूरैट परसेंट वो होता है जब आप खेत मे यूरिया डालते है।

तो सफेद रंग का चूना टाइप का दिखाई देता है वो इस यूरिया में काफी कम है जिससे किसानों की फसल भी अच्छी होगी। हरी प्रसाद जायसवाल ने किसानों से अपील किया है कि डॉक्टर फसल यूरिया का उपयोग अपने खेतों में करें जिससे अच्छी गुणवत्ता की फसल उगे और उसका लाभ किसान भाई को मिले। डॉक्टर फसल यूरिया रैक माल गोदाम पर आने के शुभारंभ के अवसर पर हरि प्रसाद जायसवाल, मुकेश जायसवाल, रामेंद्र उपाध्याय, बृजेश सिंह, अजय कुमार सिंह, शिव प्रसाद जयसवाल आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## पूर्वोत्तर परिमण्डल के रेल संरक्षा आयुक्तने रेल अधिकारियों से साथ खण्ड पर निर्धारित मानकों के कार्यो को परखा

गोण्डा। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालन सुगमता हेतु मूलभूत ढ़ांचे में विस्तार के क्रम में आज गोण्डा जं0–बहराइच खण्ड पर पूर्वोत्तर परिमण्डल के रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान ने मण्डल रेल प्रबन्धक डा0 मोनिका अग्निहोत्री तथा प्रमुख परियोजना निदेशकध्आर.ई श्री सुधांशु कृष्ण दुबे, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर ओ.पी.सिंह, मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर ६आर. ई. पी के सिंह तथा लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियरध्टीआरडी, ६र्मेन्द्र कुमार यादव की उपस्थिति में 25,000 वोल्ट ए.सी नई विद्युतकर्षण लाइन युक्त रेल खण्ड का निरीक्षण किया।

## विधायक प्रभात वर्मा के टीका करण कार्यक्रम में चुनाव आयोग हुआ सख्त जिला प्रशासन से मांगी रिपोर्ट

गोण्डा। गौरा विधानसभा के विधायक प्रभात वर्मा द्वारा अपने ही विधानसभा के ग्राम पंचायत सीतारामपुर ग्रंट ,केशव नगर ग्रंट, भानपुर ,आदि गांव में लोगो से मिलकर टीकाकरण के तहत प्रदेश सरकार तथा भारत सरकार द्वारा लाभार्थियों के घर घर जाकर रोली चंदन लगाकर सम्मानित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया तथा उत्तर प्रदेश में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का अपील किया। और इस खबर को फेस बुक सोशल मीडिया पर वायरल करना मंहगा पड़ गया।किसी ब्यक्ति द्वारा फोटो और कार्यक्रम को आयोग को भेजकर शिकायत कर दी जिसमें आयोग हरकत में आ गया,और जिला प्रशासन से आचार संहिता के दुरुपयोग का रिपोर्ट तलब कर लिया,देर रात्रि तक प्रशासन ने आयोग को स्पष्टीकरण भेज कर विधायक प्रभात वर्मा को सम्मन रात्रि में प्राप्त कराकर 48 घण्टे में जवाब मांगा है।प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य राजस्व अधिकारी सुरेंद्र कुमार यादव ने डिजानकारी।

## एसबीआई शाखा प्रबंधक ने बैंक ग्राहक से की अभद्रता

मिल्कीपुर–अयोध्या। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक की मनमानी से बैंक ग्राहक परेशान हैं। ग्राहक ने बैंक के टोल फ्री नंबर पर शिकायत कर शाखा प्रबंधक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत अमानीगंज बाजार में स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा के प्रबंधक द्वारा एक ग्राहक के साथ अभद्रता किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राहक ने बैंक के टोल फ्री नंबर पर शिकायत कर शाखा प्रबंधक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। खंडासा थाना क्षेत्र के खुतहा गांव निवासी पीड़ित अंकित कुमार पांडे ने बताया कि वह अपने बैंक खाते में हस्ताक्षर बदलवाने के लिए प्रार्थना पत्र लेकर शाखा प्रबंधक के पास पहुंचे। तो शाखा प्रबंधक ने उनके साथ अभद्रता करते हुए कहा यह कोई बनिया की दुकान नहीं है जिसमें जब जो चाहो वह कर लो। अभद्रता से आहत पीड़ित ने टोल फ्री नंबर पर शिकायत की। क्षेत्र में चर्चा है कि शाखा प्रबंधक आए दिन ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार किया करते हैं। वही शाखा प्रबंधक कौशल किशोर का कहना है कि बैंक में अंकित कुमार पांडे जरूर आए थे और उन्होंने कहा कि मेरा हस्ताक्षर बदलवा दीजिए मेरे द्वारा कहा गया कि यदि हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत हो रही हो तो आपका हस्ताक्षर बदल दिया जाएगा बस इतनी ही बातें हुई थी। जिसके बाद उसके द्वारा मेरी शिकायत भी की गई।

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत पूर्ण रूप से हो स्वनिर्भरः हरिओम तिवारी

अयोध्या। टू पॉवर अर्थिंग प्राइवेट कंपनी के मालिक व जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी हरिओम तिवारी आज अपनी मेहनत ईमानदारी व नीति के चलते बहुत कम समय में ही सफलता के उच्च पायदान पर पहुँच चुके हैं तथा सफलता की ऐसी विजयगाथा लिखी जो वर्तमान समय में नवयुवकों के लिये सबसे अच्छा उदाहरण है। कभी अयोध्या जिले के अमानीगंज स्थित छोटे से गाँव दला का पुरवा गाँव में रहने वाला यह नवयुवक किसी आम इंसान की भाँति ही जीवन–यापन कर रहा था। परंतु आँखों में कुछ बड़ा करने का शुरू से ही सपना था। ज्ञात हो कि हरिओम ने अपनी कंपनी टू पॉवर अर्थिंग प्राइवेट लिमिटेड की एक नई शाखा की शुरुआत कश्मीर प्रांत में की है। ज्ञातव्य हो कि हरिओम ने इस शाखा की शुरुआत कंपनी के कर्मचारियों के साथ स्वयं की है। वर्तमान समय में कंपनी की देश भर में कुल 20 से ज़्यादा शाखाएँ हैं जिसका मुख्यालाय लखनऊ है तथा अन्य शाखाएँ बेंगलोर,महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, केरल, राजस्थान, तेलांगना, आंध्र प्रदेश, गुवाहटी, मध्यप्रदेश आदि प्रदेशों में है। ज्ञात हो टू पॉवर अर्थिंग वायर, गीजर, सोलर, पँखा व अन्य विद्युत उपकरणों की प्रमुख निर्माता कंपनी है जिसके माध्यम से हरिओम जिले के लगभग 500 व्यक्तियों को अपने कंपनी में काम दे रहे हैं। ज्ञातहरिओम ने अपनी सारी सफलता का श्रेय प्रभु तथा अपने माँ–बाप के आशीर्वाद को दिया है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य प्रधानमंत्री जी के 'वोकल फॉर लोकल' के सपने को साकार करना है।

## अपहरण व हत्या के प्रयास में वांछित युवक गिरफ्तार

अयोध्या। थाना कोतवाली रूदौली जनपद अयोध्या पुलिस ने अपहरण कर हत्या के प्रयास में नामित अभियुक्त गिरफ्तार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय के आदेश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान क्रम में रूदौली पुलिस ने अपहरण और हत्या के प्रयास में वांछित राज सिंह उर्फ राजन सिंह ग्राम पूरे बलदन मजरे बारी थाना कोतवाली रूदौली को बल्दन पुरवा मोड़ से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। घटना में शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी को रूदौली पुलिस टीम लगातार दबिश देकर व साक्ष्य संकलित कर अभियुक्त राज सिंह उर्फ राजन को गिरफ्तार कर सकी। टीम में एसआई लल्लन सिंह राठौर, कांस्टेबल मनोहर यादव, अनुज पाल थाना कोतवाली रूदौली अयोध्या शामिल रहे।

# अमर सिंह चौधरी का राजनिति किस तरफ ले जायेगी शोहरतगढ़,कही सपा में जाना भुल तो नही

राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। अमर सिंह चौधरी का राजनिति किस तरफ ले जायेगी शोहरतगढ़,कही सपा में जाना भुल तो नही यह हर जुबान है। शोहरतगढ क्षेत्र में चाय की दुकानो पर एक ही बात सुनने को मिल रही है अमर सिंह चौधरी ने अच्छा नही किया,सपा में पहले से शोहरतगढ़ में प्रत्याशी एक से बढ कर एक है जिनमे मुख्य रूप से उग्रसेन सिंह, और जमील सिद्दकी है जिन को शोहरतगढ़ की जनता एंव सपा कार्यकर्ता विधायक के रूप में देखना चाहते है। लेकिन अमर सिंह चौधरी के सपा ज्वाइन करने से सब कुछ पलट गया है,अभी तक जहां सपा कार्यकर्ता अमर सिंह चौधरी के कार्यो में कमी निकाल कर विरोध कर रहे थे वही अब उन्हे स्वंय विधायक बनाने के लिए अमर सिंह चौधरी का प्रचार करना पड़ेगा जो गले नही उतर रहा है। अमर सिंह चौधरी शोहरतगढ़ में सपा को कहा ले जायेगे कुछ कहा नही जा सकता। अमर सिंह चौधरी की बात की जाए तो अभी कुछ दिन पूर्व सपा पार्टी एंव अखिलेश यादव के विरोध में नजर आ रहे थे वही अब सपा में शामिल होने पर अखिलेश यादव का कसीदे गढ़ने में लगे हुए हैं लेकिन शोहरतगढ़ के सपा कार्यकर्ता जहां इसे पचा नहीं पा रहे हैं वही शोहरतगढ़ में सपा सीट निकलने की आस भी खत्म होती जा रही है यह सीट पहले से ही दल बदल के लिए फेमस रहा है जहां पहले भी मंत्री रहे दिनेश सिंह भी कई दलों में होकर राजनीति कल करने में लगे रहे, अब अमर सिंह चौधरी का इस तरीके से सपा में शामिल होना फिर उसी को दोहराता नजर आ रहा है लेकिन मंत्री दिनेश सिंह में और अमर सिंह चौधरी में काफी अंतर भी नजर आ रहा है जहां मंत्री दिनेश सिंह जिस भी पार्टी में रहे उसमें समर्पित भाव से रहें लेकिन अमर सिंह चौधरी जहां भाजपा की सहयोगी अपना दल से भाजपा के सहयोग से विधायक बने थे वहीं भाजपा का विरोध करने में किसी भी प्रकार से पीछे नहीं रहे हर मौके पर भाजपा की नीतियों का विरोध करते ही नजर आए हैं, चौधरी अमर सिंह ने सियासत की शुरुआत सदर विधानसभा के बर्डपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर एक से एक दशक पहले की थी। 85 फीसदी मुस्लिम आबादी वाली ग्राम पंचायत से पहली बार में ही प्रधान चुन लिए गए थे। पहले बसपा फिर अपना दल ज्वाइन किया। शोहरतगढ़ विधानसभा से टिकट लाकर भाजपा के सहयोगी दल के रूप में पहले ही प्रयास में जीत का परचम लहराया। चुनाव भाजपा के गठबंधन दल से जीता और सरकार में भागीदार बने लेकिन पूरे कार्यकाल में कभी भी वह सत्ता के साथ नहीं नजर आए। अब देखना है कि सपा कार्यकर्ता कहां तक अमर सिंह चौधरी को अपने खेमे में बर्दाश्त कर पाते हैं और उन्हें विधायक बनाने में सफलता प्राप्त कर सकते हैं यह आने वाला समय ही बताएगा अभी भी उलटफेर शोहरतगढ़ में जारी है जहां बसपा ने राधारमण त्रिपाठी को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है वहीं कांग्रेस से भी पप्पू चौधरी के आने की पूरी आस लग रही है भाजपा ने अभी अपना पता नहीं खोला है जिसमें मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष गोविंद माधव के आने की अटकलें लगाई जा रही हैं जो आने वाले समय में शोहरतगढ़ की राजनीति में एक इतिहास ले कर आयेगा।



## उग्रसेन सिंह दिला सकते हैं सपा को सीट

दैनिक बुद्ध का संदेश





शोहरतगढ़ की सीट से जहां मंत्री रहे दिनेश सिंह के पुत्र उग्रसेन सिंह है जो लगातार जनता के बीच जनसम्र्पक कर अपनी पैठ बना चुके है वही उग्रसेन सिंह के लगातार जनसंपर्क अभियानों से सपा शोहरतगढ़ के ग्रामीण इलाको मे काफी मजबूत हुई है यदि सपा पार्टी उग्रसेन सिंह को शोहरतगढ़ की सीट से टिकट देती है तो उग्रसेन सिंह सीट को सपा की झोली में ले जा सकते है यह कहना वहां के निवासियों का है लोग आज भी उग्रसेन सिंह को अपने प्रिय मंत्री दिनेश सिंह के रूप में देख रही है और उन्हे विधायक के रूप मे देखना चाहाती है। लेकिन अब क्या होगा,अब समय ही बताएगा।

# भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह का फर्जी त्यागपत्र सोशल मीडिया पर वायरल

## सपा 46 सीटें भी नहीं पा रही हैं, इसलिए इतने निम्न स्तर पर गिरकर सोशल मीडिया के माध्यम से जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहेः विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज से भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के पार्टी से त्यागपत्र देने का एक फर्जी पत्र शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे देने की बात लिखी है। इस मामले में विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उनका ऐसा कोई इरादा नहीं है। साजिश के तहत यह फर्जी इस्तीफा वायरल किया गया है।विधायक राघवेंद्र का कथित इस्तीफा वायरल होने पर, यह जिले में चर्चा का विषय बन गया। लोगों ने एक दूसरे को फोन लगाकर इसकी पुष्टि करने की कोशिश की। इस मामले में विधायक ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के लोग यह जान रहे हैं कि इस बार वे पिछली बार की तरह 46 सीटें भी नहीं पा रहे हैं, इसलिए इतना निम्न स्तर पर गिरकर सोशल मीडिया के माध्यम से जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मेरे लिए विधायकी से ज्यादा महत्वपूर्ण राष्ट्रवाद और हिंदुत्व है। जिस दिन दोनों की परीक्षा होगी, उस दिन विधायक की बजाए राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के लिए कार्य करना मेरा पहला निर्णय होगा।




राघवेंद्र प्रताप सिंह
विधायक
जनपद-सिद्धार्थनगर

[illegible]

राघवेंद्र प्रताप सिंह
विधायक

## इटवा सर्किल में 725 लोगों के पास लाइसेंसी हथियार,350 असलहें जमा

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिद्धार्थनगर। विधानसभा चुनाव की बेला में इटवा सर्किल के 55 सौ लोगों से शांति भंग का खतरा है। चन्हिति हुए इन सभी असामाजिक तत्वों की सर्किल पुलिस कुंडली बांच रही है। चुनाव के समय बूथों पर यह कोई खलल पैदा न कर सके, इसके लिए पाबंद करने के साथ अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है। किसी भी परििस्थित में चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस अपने हर होमवर्क को पूरा कर रही है। हस्ट्रिीशीटरों व अन्य बदमाशों की भी निगाहबानी तेज कर दी है। सीओ रमेश चंद्र पांडेय ने बताया थाना क्षेत्रों के हिसाब से असामाजिक तत्वों के चन्हिकिन की कार्यवाही चल रही है। अभी तक सर्किल के इटवा, गोल्हौरा, मश्रिौलिया थाने के अन्र्तगत 55 सौ लोगों को चन्हिति किया गया है। जो मतदान के दौरान बूथों व गांवों में शांति व्यवस्था भंग कर सकते है। इन सभी लोगों को पाबंद करने के साथ अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। हस्ट्रिीशीटरों व अन्य बदमाशों की भी निगाहबानी तेज कर दी है। बताया कि चुनाव के दौरान ऐसे लोगों पर पुलिस प्रशासन की खास निगाह रहेगी और गड़बड़ी की रिपोर्ट मिलने पर उन्हे गिरफ्तार भी किया जायेगा। चुनाव के मद्देनजर लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों की भी डिटेल जुटाई गई है। सर्किल में 725 लोगों के पास लाइसेंसी हथियार है। इसमें से अब तक 350 असलहें जमा कराये जा चुके है। बचे अन्य असलहे भी चुनाव से पहले जमा करा लिए जायेंगे।

# सपा नेता इंजीनियर मोनू दूबे ने किया ठीकहा गाँव मे क्रिकेट मैच का उद्घाटन

## दर्जनों गाँव में संपर्क किये, भाजपा सरकार जनता विरोधीः मोनू दूबे

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बांसी विधानसभा चुनाव 2022 की तैयारियों को लेकर समाजवादी पार्टी के नेता इंजीनियर मोनू दूबे ने शुक्रवार को





को बांसी विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क किया।संपर्क दौरान इंजीनियर मोनू दूबे ने कहा कि भाजपा सरकार जनता विरोधी है। ये जुमले की सरकार है हर जगह भ्रष्टाचार है मोनू दूबे ने कहा की 2022 मे सपा की सरकार बन रही है आप सभी लोग अखिलेश यादव को सरकार बनाईये । मोनू दूबे ने चेतिया, दसिया ,कनकटी दर्जनों गावों में लोगों से सम्पर्क कर अखिलेश यादव की सरकार बनाने की अपील की साथ में अनिल दूबे, इम्तियाज, दाऊद चौधरी, अभिषेक रवि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# स्वर्णकारों व पिछड़े समाज को जोड़ने की कोशिश में जुटी भाजपा, विनय वर्मा हो सकते हैं खलीलाबाद से प्रत्याशी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। शहर के कौड़ीराम देखते हुए जनता को साधने में जुटी हुई है। कयास लगाए जा सीट से किसी पिछड़े वर्ग से जुड़े हुए व्यक्ति को चुनाव मैदान



- **पूर्वांचल सहित प्रदेश व देश के कई हिस्सों में गहरी पैठ जमाए हैं कौड़ीराम क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्वर्णकार विनय वर्मा**
- **पूर्वांचल सहित गोरखपुर व बस्ती मंडल के आसपास के पिछड़े समाज व स्वर्णकारों का मिल रहा सपोर्ट**
- **खलीलाबाद सीट से पिछड़ों को साधने की कोशिश में बीजेपी विनय वर्मा को बना सकती है प्रत्याशी**

क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा के नाम की चर्चा क्षेत्र में जोर–शोर से हो रही है। चुनावी बिगुल बजते ही सभी पार्टियां जातिगत समीकरण सहित जिताऊ प्रत्याशी के नाम को लेकर पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक कर रही है। इन सभी बैठकों में सभी पार्टियां क्षेत्रवार जातिगत समीकरण को रहे हैं कि संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद सीट से जय चौबे के भाजपा का दामन छोड़ देने से अब इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी के नाम को लेकर चर्चा जोर शोर से बढ़ गई है।राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इस क्षेत्र से पिछड़े वर्ग की संख्या बहुतायत है। ऐसे में ओबीसी को साधने के लिए इस में उतारा जा सकता है।इसमें सबसे प्रमुख चेहरा विनय वर्मा का उभरकर सामने आ रहा है। विनय वर्मा गोरखपुर के कौड़ीराम क्षेत्र से जिला पंचायत रह चुके हैं।सूत्रों की मानें तो पूर्वांचल सहित गोरखपुर व बस्ती मंडल के स्वर्णकारों ने विनय वर्मा के नाम पर क्षेत्र में प्रचार प्रसार भी शुरू कर दिया है।

### स्वर्णकार समाज के आयोजनों में भी विनय वर्मा के नाम पर लगी मुहर

*पिछले कई माह से स्वर्णकार समाज अपने विभिन्न कार्यक्रमों में विनय वर्मा की सीट को लेकर हुंकार भरी है। प्रदेश में स्वर्णकारों की भागीदारी को लेकर समाज एकजुट है। स्वर्णकार, अग्रहरि, जायसवाल समाज सहित अन्य ओबीसी जातियां भी इस नाम को लेकर संजीदा दिख रही हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी ने इस सीट को लेकर कोई ऐलान नहीं किया है लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं। इस बार खघ्लीलाबाद सीट से पिछड़ों को साधने के लिए नए चेहरे की तलाश जारी है। साथ ही बीजेपी किसी ऐसे चेहरे की तलाश में है जिसकी छवि क्षेत्र में अच्छी हो।*

## आगामी चुनाव को लेकर एसएसबी व पुलिस ने किया पैदल गस्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया, सिद्धार्थ नगर। सिद्धार्थ नगर के जोगिया थाना अंतर्गत



क्षेत्राधिकारी बांसी की अगुवाई में आगामी बिधान सभा चुनाव को देखते हुए पुलिस और एसएसबी ने किया पैदल गस्त।पैदल गस्त में प्रशासन ने सभी को दिलाया सुरक्षा का एहसास साथ ही साथ दंगे फसाद से दूर रहने की बात कही ।जोगिया थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज अपनी पुलिस टीम व 44 बटालियन एसएसबी फोर्स के साथ ऐरिया डोमिनेशन किया। कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए निर्भीक होकर निष्कक्ष मतदान करने के लिए भी अपील की।जोगिया उदयपुर, सुपा राजा चौराहा सहित कई बाजारों कस्बो में किया गया एरिया डोमिनेशन।

# विश्वकर्मा समाज के बेटे को समाजवादी पार्टी ने बनाया छात्र सभा का नगर अध्यक्ष



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/नौतनवां। आदर्श नगर पंचायत सोनौली मुन्ना विश्वकर्मा को समाजवादी पार्टी छात्र सभा के नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है सोनौली समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मुन्ना विश्वकर्मा ने कहा जो पार्टी ने जिम्मेदारी दी है उसको अपने साथियों के साथ हर संभव एक नई ऊर्जा लेकर के कार्य करने का कार्य करूंगा नगर में एक नई जिम्मेदारी पा करके नगर में खुशी की लहर है छात्र सभा उपाध्यक्ष के रूप में कमरुद्दीन, धर्मेंद्र यादव,पवन,जयसवाल,गुलाम हैदर,नूरआलम, महासचिव संजय सैनी,ग्रिजेश मद्धेशिया, कोषाध्यक्ष रक्षा सैनी,सचिव बनाया गया है प् बधाई देने वालों में सर्वप्रथम पूर्व विधायक नौतनवा मुन्ना सिंह एवं पूर्व सांसद अखिलेश सिंह समाजवादी युवजन प्रदेश सचिव बैजू यादव सभासद सुरेंद्र विश्वकर्मा, करम हुसैन सभासद, पप्पू खान सभासद, बिनोद कुमार सभासद, निजामुद्दीन, सभासद, राधेश्याम यादव, सभासद, राजकुमार नायक, सभासद, वकील अहमद, सभासद, नीरज गुप्ता, उमेश साहनी, जितेंद्र चौरसिया, संतलाल यादव, चंदन सिंह, उमेश राजभर, सुरेंद्र राजभर, धर्मेंद्र विश्वकर्मा,सहित नगर के प्रतिष्ठित लोगों ने बधाई दिया।

## सीमा चौकी ककरहवा पर हिमालयन वियाग्रा के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

ककरहवा/सिद्धार्थनगर। पुरुषों में सेक्स पॉवर बढ़ाने वाले यारसा गुंबा जिसे हिमालयन वियाग्रा भी कहा जाता है उसके साथ एसएसबी व वन विभाग की पेट्रोलिंग टीम ने ककरहवा नेपाल बार्डर से गिरफ्तार किया है। आरोपी नेपाल का निवासी है। उसे कार्रवाई के लिए वन विभाग की जिला टीम को सौंप दिया गया है। 43वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा सीमा चौकी ककरहवा के मुख्य आरक्षी अरविंद कुमार सिंह, सोनू सोनकर व वन ककरहवा के उपनिरीक्षक शेलेंद्र यादव, रामनिवास सीमा स्तम्भ संख्या 544(36) भारत–नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान नेपाल से आ रहे एक व्यक्ति की रोक कर तलाशी ली तो उसके पास से हिमालय पर पाए जाने वाली उत्तेजना बढ़ाने वाली नौ ग्राम यारसा गुंबा जिसे हिमालयन वियाग्रा भी कहा जाता है उसके साथ 710 शिलाजीत बरामद हुई।

# सम्पादकीय

**उसकी जीडीपी में टैक्स से मिलने वाले राजस्व की भूमिका नौ फीसदी बनी हुई है। यद्यपि यह अब तक सबसे न्यूनतम दर है। लेकिन विदेशी मुद्रा के संकट से श्रीलंका का विदेशी कारोबार थम चुका है, जिसकी एक वजह श्रीलंका में डॉलर की कीमत दो सौ रुपये से अधिक होना है जो कि आज भी ब्लैक में मिल रहा है...**

## श्री विहीन लंका

महंगाई के चरम और खाली होते विदेशी मुद्रा भंडार के बीच श्रीलंका की हालात इतनी खराब हो गई है कि उसके पास आज विदेशी कर्ज चुकाने तक के लिये संसाधन नहीं हैं। महंगाई का यह आलम है कि लोग सौ–सौ ग्राम दूध खरीद रहे हैं। सौ ग्राम हरी मिर्च 70 रुपये की है और आलू दो सौ रुपये किलो तक मुश्किल से मिल रहा है। पिछले दिनों खबर आई कि श्रीलंका ईरान को कच्चे तेल का विदेशी मुद्रा में भुगतान न कर पाने पर बदले में चायपत्ती भेजेगा। अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों ने वित्तीय स्थिति खराब होने पर श्रीलंका की रेटिंग इतनी गिरा दी है, जो दिवालिया होने से पहले की अवस्था है। दरअसल, श्रीलंका की हालत खस्ता होने की तात्कालिक वजह तो कोरोना संकट से उपजी परिस्थितियां हैं। मुख्यतः पर्यटन पर आधारित अर्थव्यवस्था वाले श्रीलंका में कोरोना संकट के चलते पर्यटन उद्योग ठप है। अर्थव्यवस्था में गिरावट की एक बड़ी वजह सत्ताधीशों का कुप्रबंधन भी है और लंबा चला गृहयुद्ध भी। लेकिन जब से चीन से दोस्ती करने वाले सत्ताधीशों ने कर्ज लेना शुरू किया तो फिर देश निरंतर कर्ज के जाल में उलझता गया। चीन के सहयोग से कई भारी–भरकम विकास परियोजनाएं श्रीलंका में शुरू की गईं। उनसे आय तो नहीं हो पायी, लेकिन श्रीलंका चीन के कर्ज–जाल में फंसता चला गया। पश्चिमी अर्थशास्त्री कहते भी हैं कि चीन कर्ज–जाल का प्रयोग दूसरे देशों पर बढ़त बनाने के लिये करता आया है। जब छोटे देश कर्ज नहीं चुका पाते तो चीन उनकी संपत्तियों पर अधिकार कर लेता है। श्रीलंका में हम्बनटोटा में एक बड़े बंदरगाह के निर्माण की योजना चीनी ऋण व निर्माण कंपनियों के जरिये की गई। अरबों डॉलर की यह परियोजना आर्थिक संकट के चलते अधर में लटक गई। बाद में नया ऋण देकर चीनी सरकारी कंपनियों ने इस बंदरगाह को 99 साल की लीज पर सत्तर फीसदी हिस्सेदारी के साथ अधिगृहीत कर लिया। यूं तो बांग्लादेश को छोड़कर दक्षिण एशिया के तमाम मुल्क ऐसे ही आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। भले ही देश के भीतर अर्थव्यवस्था किसी तरह चल रही हो, मगर विदेशी कर्ज चुकाने का संकट बना हुआ है। पिछले दिनों पाकिस्तान के फेडरल ब्यूरो ऑफ रेवेन्यू के पूर्व चेयरमैन सैयद शब्बर जैदी ने कहा था श्पाक के चालू खाते और राजकोषीय घाटे को देखें तो यह दिवालिया होने से जुडने जैसी स्थिति है। सरकार का यह दावा झूठ है कि सब कुछ ठीकठाक है।य दरअसल, जब कोई देश विदेशी कर्ज चुकाने की स्थिति में नहीं होता तो डिफॉल्टर घोषित हो जाता है जो कालांतर दिवालिया होने की तरफ बढने वाली स्थितियां पैदा करता है। बताते हैं कि बीते साल नवंबर में श्रीलंका के पास विदेशी भुगतान के लिये महज तीन हफ्ते के लिये डॉलर बचे थे। ऐसे संकट से भारत भी वर्ष 1991 में गुजरा था तब विदेशी मुद्रा भंडार एक अरब डॉलर से कम बचा था। तब देश ने सोना गिरवी रखकर स्थिति को संभाला था। दरअसल, श्रीलंका को इस साल साढ़े चार अरब डॉलर का कर्ज चुकाना है। यदि वह नहीं चुका पाता है तो उसे डिफॉल्टर घोषित कर दिया जायेगा। श्रीलंका का रुपया बेहद दबाव में है और उसकी क्रेडिट रेटिंग लगातर गिर रही है, जिसके चलते उसे नया कर्ज मिलना मुश्किल हो जायेगा। यूं तो दुनिया के तमाम देशों पर कर्ज होता है, लेकिन सवाल है कि आप की साख कैसी है और आप कर्ज लौटाने की स्थिति में किस हद तक हैं। वैसे श्रीलंका के सामने विदेशी कर्ज का संकट तो है, लेकिन उसकी घरेलू अर्थव्यवस्था ऊंची महंगाई दर के बावजूद दिवालिया नहीं है। उसे घरेलू राजस्व मिल रहा है और लोगों का देशीय मुद्रा पर विश्वास बना हुआ है।

## कविता

### गाँव हमारा

बदल गया है गाँव हमारा, पहले जैसी बात कहाँ है,
कउड़े पर सुनते थे किस्से, सर्दी की वो रात कहाँ है ?

अबाबील घर से गायब है, गौरैया भी रूठ गयी,
आंगन में बरसे अब मछली, पहले सी बरसात कहाँ है ?

गीत, गवनई, गारी, सोहर, आल्हा, विरहा भूल चुके !
दुल्हन कोई आए डोली में, अब ऐसी बारात कहाँ है ?

भूजा, भेली और बताशा, खाझा, घर–घर बंटता था,
लाख बटें अब लड्डू– पेड़े, मन भाती सौगात कहाँ है ?

गान्धी बाबा, झुल्लुर दादा, मुंशी जी अब नहीं रहे,
दुख में सबके आंसू पोछें, सबकी वो औकात कहाँ है ?

खत लिखने– पढ़ने वाले भी, सुख–दुख में शामिल रहते थे,
मोबाइल से बात हो रही, अब साझी हर बात कहाँ है ?



सिद्धार्थनगर।
नियाज कपिलवस्तुवी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

## न्यायपालिका के सुझावों की फिर अनदेखी

**इस बीच, अश्विनी उपाध्याय ने श्एक देश–एक नागरिक संहिताश विषय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर इसे लागू करने के लाभ और इसे लागू नहीं करने से उत्पन्न हो रही समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि लड़कियों की विवाह की उम्र 18 साल से बढ़ाकर 21 साल करने संबंधी बाल विवाह निषेध संशोधन विधेयक के माध्यम से विभिन्न समुदायों में प्रचलित...**

अनूप भटनागर

लड़कियों की विवाह की आयु बढ़ाकर लड़कों के समान करने के लिए संसद में विधेयक पेश करने वाली केंद्र सरकार के रुख से ऐसा लगता है कि समान नागरिक संहिता बनाने संबंधी संविधान का अनुच्छेद 44 अभी लंबे समय तक सुप्त प्रावधान ही रहेगा। इस निष्कर्ष पर पहुंचने की वजह केन्द्र सरकार का हलफनामा है जो उसने समान नागरिक संहिता के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित जनहित याचिका में दाखिल किया है। देश में तेजी से हो रहे सामाजिक बदलाव के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न धर्मों, संप्रदायों और पंथों में प्रचलित विवाह और विवाह विच्छेद के कानून एवं रीति–रिवाज, तलाक की स्थिति में महिलाओं के अधिकार, गुजारा भत्ता और संपत्ति में उनके अधिकार जैसे मुद्दों के न्याय संगत समाधान के लिए अब समान नागरिक संहिता की जरूरत पहले से ज्यादा महसूस की जा रही है। यही वजह है कि 1985 में शाहबानो प्रकरण से लेकर कई मामलों में न्यायपालिका ने संविधान के अनुच्छेद 44 में प्रदत्त समान नागरिक संहिता लागू करने पर विचार करने का सरकार को सुझाव दिया है। परंतु ऐसा लगता है कि महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने के न्यायपालिका के सुझावों के प्रति केंद्र गंभीर नहीं है या फिर वह इसमें राजनीतिक नफा–नुकसान की संभावनाएं तलाश रहा है। संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार, श्शासन भारत के समस्त राज्य क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा।य

बहुचर्चित शाहबानो प्रकरण में 1985 में उच्चतम न्यायालय ने समान नागरिक संहिता बनाने का सुझाव दिया था। इसके बाद भी हिन्दू व्यक्ति द्वारा पहली पत्नी से विवाह विच्छेद के बगैर ही धर्म परिवर्तन करके दूसरी शादी करने या फिर अंतरजातीय विवाह में उत्पन्न विवादों के समाधान में आड़े आने वाली परंपराओं और तीन तलाक की कुप्रथा से प्रभावित मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता जैसे मामले हल करने के लिए न्यायपालिका लगातार समान नागरिक संहिता की आवश्यकता पर जोर देती रही है। लेकिन अब केन्द्र सरकार ने उच्च न्यायालय में दाखिल हलफनामे में साफ कर दिया है कि यह विधायिका के अधिकार क्षेत्र का मामला है जिस पर गहराई से अध्ययन की आवश्यकता है। सरकार ने यह हलफनामा भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका में दाखिल किया है। उपाध्याय चाहते हैं कि न्यायालय समान नागरिक संहिता का मसौदा तीन महीने के भीतर तैयार करने का निर्देश केंद्र को दे। केंद्र में दाखिल इस हलफनामे में कानून मंत्रालय ने कहा है कि संविधान के अंतर्गत सिर्फ संसद ही यह काम कर सकती है और न्यायालय कोई कानून विशेष बनाने का निर्देश विधायिका को नहीं दे सकता है। यह सर्वविदित है कि कानून बनाने का अधिकार संसद का ही है और इसीलिए शाहबानो प्रकरण से लेकर अभी तक कई मामलों में न्यायपालिका ने संसद को समान नागरिक संहिता लागू करने पर विचार करने का सुझाव दिया है। यह सुझाव वैसे भी महत्वपूर्ण है क्योंकि गोवा में पहले से ही समान नागरिक संहिता लागू है।

भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही समान नागरिक संहिता की पक्षधर रही है और उसने अपने चुनावी घोषणा पत्र में इसे शामिल भी किया था। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने इस संवेदनशील विषय को जून, 2016 में विधि आयोग के पास भेजा था। हालांकि, उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बलबीर सिंह चौहान की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने 31 अगस्त, 2018 को सरकार को भेजे अपने परामर्श पत्र में कहा था कि फिलहाल समान नागरिक संहिता की आवश्यकता नहीं है। विधि आयोग का मत था कि समान नागरिक संहिता बनाने में कुछ बाधाएं हैं। आयोग ने इनमें पहली बाधा के रूप में संविधान के अनुच्छेद 371 और इसकी छठवीं अनुसूची की व्यावहारिकता का उल्लेख किया था। अनुच्छेद 371(ए) से (आई) तक में असम, सिक्किम, अरुणाचल, नगालैंड, मिजोरम, आंध्र प्रदेश और गोवा के बारे में कुछ विशेष प्रावधान हैं, जिनके तहत इन राज्यों को कुछ छूट प्राप्त हैं।

विधि आयोग की राय है कि हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई, पारसी और समाज के विभिन्न धर्मों और समुदायों में प्रचलित कानूनों में महिलाओं को ही कई तरह से वंचित किया गया है। और यही भेदभाव तथा असमानता की मूल जड़ है। इस समानता को दूर करने के लिये संबंधित पर्सनल लॉ में उचित संशोधन करके इनके कतिपय पहलुओं को संहिताबद्ध किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय में केन्द्र सरकार के हलफनामे के बाद एक बात तो साफ हो गयी है कि संविधान के अनुच्छेद 44 में प्रदत्त समान नागरिक संहिता का विषय फिलहाल जस का तस राजनीतिक मुद्दा ही बना रहेगा और निकट भविष्य में शायद ही प्रावधान अमल में आ सके। इस बीच, अश्विनी उपाध्याय ने श्एक देश–एक नागरिक संहिताश्य विषय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर इसे लागू करने के लाभ और इसे लागू नहीं करने से उत्पन्न हो रही समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि लड़कियों की विवाह की उम्र 18 साल से बढ़ाकर 21 साल करने संबंधी बाल विवाह निषेध संशोधन विधेयक के माध्यम से विभिन्न समुदायों में प्रचलित उनके निजी कानूनों में भी प्रस्तावित संशोधन करके समस्या का कुछ हद तक समाधान हो सकेगा। फिलहाल तो यह विधेयक संसदीय स्थायी समिति के पास विचारार्थ है।

## अव्यावहारिक नीतियों से उपजा बेरोजगारी संकट

**इन तमाम कारणों से औपचारिक और श्रम–सघन रोजगार में सीधा अंतर्विरोध है। औपचारिक रोजगार के चलते श्रम–सघन उत्पादन का मूल्य बढ़ता है और अॉटोमेटिक मशीनों के उपयोग से श्रम का उपयोग घटता है। नोटबंदी और जीएसटी के कारण पुनः रोजगार घटता है। लेकिन नीति आयोग इस अंतर्विरोध को नहीं समझता अथवा नहीं समझना चाहता है इसलिए अनायास ही औपचारिक ...**

भरत झुनझुनवाला

वर्तमान में अर्थव्यवस्था सुचारु रूप से चल रही दिखती है। जीएसटी की वसूली 1,30,000 करोड़ रुपये प्रति माह के नजदीक पहुंच गई है जो कि आज तक का अधिकतम स्तर है। कोविड के ओमीक्रोन वेरिएंट के आने के बावजूद शेयर बाजार का सेंसेक्स 5,500 से 6,000 के स्तर पर बना हुआ है। रुपये का मूल्य 70 से 75 रुपए प्रति डॉलर पर बीते कई वर्षों से स्थिर टिका हुआ है। तमाम वैश्विक संस्थाओं के आकलन के अनुसार, भारत विश्व की सबसे तेज बढने वाली व्यवस्था बन चुकी है। इन सब उपलब्धियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेरोजगारी को एक विशेष चुनौती बताया है। तमाम आकलन भी बताते हैं कि वर्तमान में देश की जनता द्वारा की जा रही खपत कोविड–पूर्व के स्तर से भी नीचे है। यानी जीएसटी की वसूली 1,30,000 करोड़ रुपये प्रति माह के स्तर पर पहुंचने और अर्थव्यवस्था के सुचारु रूप से चलता दिखने के बावजूद आम आदमी की खपत सपाट है और रोजगार नदारद हैं। इस समस्या की जड़ें नीति आयोग के चिंतन में निहित हैं।

वर्ष 2018 में नीति आयोग ने देश की 75वीं वर्षगांठ के लिए बनाए गए रोड मैप में कहा था कि औपचारिक रोजगार को बढ़ावा देना होगा और श्रम–सघन रोजगार को भी बढ़ावा देना होगा। नीति आयोग इन दोनों उद्देश्यों को एक साथ बढ़ावा देना चाहता है। आयोग समझता है कि यह दोनों उद्देश्य एक साथ मिलकर चल सकते हैं जैसे गाड़ी के दो चक्के मिल–जुलकर एक साथ चलते हैं। लेकिन वास्तव में इन दोनों उद्देश्यों के बीच में अंतर्विरोध है जैसे गाड़ी का एक चक्का आगे और दूसरा चक्का पीछे की तरफ चले तो गाड़ी डगमग हो जाती है। इसीलिए वर्तमान में रोजगार की गाड़ी डगमग हो चली है जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है।

औपचारिक रोजगार और श्रम–सघन उद्योग के बीच पहला अंतर्विरोध श्रम की लागत का है। जैसे मान लीजिए नुक्कड़ पर मोमो बेचने वाले अनौपचारिक कर्मियों को हम औपचारिक छत्रछाया के नीचे ले आते हैं। अब इनका पंजीकरण होगा। पंजीकरण के बाद इन्हें अपने द्वारा बेचे गए मोमो का वजन नियमानुसार प्रमाणित करना होगा। इनके कार्य पर स्वास्थ्य निरीक्षक की नजर रहेगी। इन्हें अपनी दुकान को खोलने व बंद करने के समय निर्धारित करने होंगे। इन्हें सही क्वालिटी की प्लेट लगानी होगी। अपने सहायकों को दिए गए वेतन का प्रोविडेंट फंड काटना होगा और उन्हें न्यूनतम वेतन देना होगा। बैंक में जाकर प्रोविडेंट फंड जमा कराने में इनका समय लग जायेगा। सरकारी निरीक्षक महोदय को मुफ्त मोमो भी देने होंगे। इन तमाम कार्यों से इनके द्वारा बनाए गए मोमो की लागत बढ़ जाएगी। आज वर्तमान में यदि ये 7 रुपये में मोमो बेचते हैं जो औपचारिक रोजगारी बनने के बाद इनके द्वारा उत्पादित मोमो का मूल्य बढ़कर 10 रुपये हो जाएगा। इनके मोमो का मूल्य बढ़ जाने से इनकी जो कम दाम में बेचने की विशेषता है, वह समाप्त हो जाएगी। खरीदार 7 रुपये में नुक्कड़ पर मोमो खरीदने के स्थान पर 10 रुपये में मॉल में मोमो खरीदेगा क्योंकि नुक्कड़ पर भी मोमो का दाम अब मॉल की तरह 10 रुपये हो जाएगा। श्रम–सघन उद्योग की बलि औपचारिक रोजगार की वेदी पर चढ़ा दी जायेगी। दोनों उद्देश्य साथ–साथ नहीं चलेंगे। औपचारिक उत्पादन में दूसरा संकट ऑटोमेटिक मशीनों का है। मॉल में मोमो बेचने वाले औपचारिक विक्रेता द्वारा डिश वॉशर लगाया जाएगा और ऑटोमेटिक ओवन होगा, जिसमें बिजली की खपत कम होगी। इन ऑटोमेटिक मशीनों के कारण मोमो के औपचारिक उत्पादन में रोजगार की संख्या कम होगी। इसलिए औपचारिक रोजगार के चलते श्रम–सघन नहीं बल्कि श्रम –विघन रोजगार उत्पन्न होंगे। रोजगार की संख्या कम होगी।

औपचारिक रोजगार में तीसरा संकट वित्तीय औपचारिकता यानी नोटबंदी और जीएसटी का है। नोटबंदी के बाद वर्ष 2017 में एक ओला के ड्राइवर से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि वे 35 वर्षों से चार महिलाओं को रोजगार दे रहे थे। उनसे घर पर कपड़ों में कसीदा करा रहे थे। नोटबंदी के बाद उनके क्रेताओं ने उन्हें नकद में पेमेंट करना बंद कर दिया। उनके पास व्यवस्था नहीं थी कि वे बैंक के माध्यम से कपड़े का पेमेंट ले सकें। यह भी कहा कि नकद माल खरीदने वाले ही नहीं रहे। अब बड़ी दुकानों में डेबिट कार्ड के पेमेंट से ही कपड़े खरीदे जा रहे हैं। उनका बाजार समाप्त हो गया। उन्होंने चारों महिलाओं को मुअत्तल कर दिया और स्वयं जीविका चलने के लिए ओला के ड्राइवर का काम शुरू कर दिया। लगभग यही स्थिति जीएसटी की है जीएसटी के कारण छोटे उद्योगों को तमाम कानूनी पेचों से जूझना पड़ रहा है, जिसके कारण उनका धंधा कम हो रहा है। यह बात तमाम रपटों में दिखाई पड़ती है।

इन तमाम कारणों से औपचारिक और श्रम–सघन रोजगार में सीधा अंतर्विरोध है। औपचारिक रोजगार के चलते श्रम–सघन उत्पादन का मूल्य बढ़ता है और ऑटोमेटिक मशीनों के उपयोग से श्रम का उपयोग घटता है। नोटबंदी और जीएसटी के कारण पुनरू रोजगार घटता है। लेकिन नीति आयोग इस अंतर्विरोध को नहीं समझता अथवा नहीं समझना चाहता है इसलिए अनायास ही औपचारिक रोजगार को बढ़ावा देने में नीति आयोग ने देश में रोजगार ही समाप्त कर दिए हैं। न्यून स्तर के अनौपचारिक जीवन के स्थान पर नीति आयोग ने औपचारिक मृत्यु को देशवासियों के पल्ले में डाल दिया है, जिसके कारण प्रधानमंत्री ने कहा है कि रोजगार हमारे सामने प्रमुख चुनौती है। संभवतरू नीति आयोग भारत को विकसित देशों की तर्ज पर औपचारिक श्रम की तरफ धकेलना चाहता है। लेकिन आयोग इस बात को भूल रहा है कि वर्तमान में पश्चिमी देश भी अनौपचारिक रोजगार की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। इसे वहां शगिगत्य रोजगार कहा जाता है जैसे श्रमिक घर में 3 घंटे बैठकर डेटा एंट्री इत्यादि करते हैं। इन गिग श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम वेतन से भी कम वेतन दिए जाते हैं, बिल्कुल उसी तरह जैसे अपने देश में नुक्कड़ पर मोमो विक्रेता को न्यूनतम वेतन से कम आय होती है। इसलिए हमें विकसित देशों के मोह को छोडना चाहिए। उनकी अंदरूनी रोजगार की परिस्थिति को समझना चाहिए। अपने देश में अनौपचारिक रोजगार को बढने देना चाहिए, नुक्कड़ के मोमो बेचने वाले को सम्मान देना चाहिए कि वह स्वरोजगार कर रहा है और सरकार पर मनरेगा का बोझ नहीं डाल रहा है। औपचारिक मृत्यु की तुलना में न्यून स्तर का अनौपचारिक जीवन ही उत्तम है। वर्तमान में अर्थव्यवस्था ऊपर से सुचारु रूप से चल रही दिखती है। अन्दर गड़बड़ है।



### महाल मंझारिया में छापेमारी, दस भट्ठियां तोड़ी गई

देवरिया। पुलिस, प्रशासन व अर्ध्दधसैनिक बल की संयुक्त टीम ने कच्ची के विरुद्ध घाघरा नदी के किनारे महाल मंझरिया के दियारा क्षेत्र में छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। सुबह से लेकर दोपहर तक यह कार्रवाई चली। इस दौरान सैकड़ों लीटर कच्ची शराब व हजारों लीटर लहन नष्ट किया गया। 10 भट्ठियों को तोड़ा गया। पुलिस के आने की भनक लगते ही कच्ची के धंधेबाज भाग गए। महाल मंझरिया क्षेत्र में कच्ची बनाने की सूचना एसपी डा. श्रीपति मिश्र को किसी ने दी थी। उनके निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सलेमपुर कपिलमुनि सिंह के नेतृत्व में थाना लार पुलिस टीम, एसएसबी व आबकारी निरीक्षक की संयुक्त टीम ने महाल मंझरिया घाघरा नदी के किनारे कच्ची के विरुद्ध छापेमारी की। छापेमारी में लगभग 100 लीटर कच्ची बरामद की गई। इस दौरान नदी के किनारे कई ड्रम में रखा लहन बरामद हुआ। जिसको मौके पर नष्ट किया गया। छापेमारी के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सलेमपुर गुंजन द्विवेदी, लार थाना के प्रभारी बरजोर सिंह, एसएसबी के सहायक सेनानायक संदीप आर्या, आबकारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह पुलिस के साथ मौजूद रहे।

## बंटवारे के विवाद में हमलाकर चार को किया लहूलुहान

भलुअनी थाना क्षेत्र के पैकौली महाराज खिरवानी टोला में मकान बंटवारे के विवाद में पट्टीदारों ने राड व लाठी डंडे से हमला कर चार लोगों को लहूलुहान कर दिया। बीच बचाव कर आस पास के लोगों ने मामले को शांत कराया और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां सभी का का इलाज चल रहा है। घायलों के सिर में गंभीर चोटें आई है। रामविलास सिलाई का काम करते हैं। उनके भाई से बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। रामविलास से उसके भाई से मकान बंटवारे को लेकर विवाद हुआ और देखते ही देखते दूसरे पक्ष ने रामविलास पर हमला बोल दिया। बीच बचाव करने पहुंची रामविलास की पत्नी सीमा देवी व बेटी बबली देवी, रिकी, पिकी पर हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थानाध्यक्ष भलुअनी मुकेश मिश्र ने कहा कि सूचना मिली है। अभी पीड़ित पक्ष इलाज कराने गए हैं। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## पैरामिलिट्री फोर्स संभालेगी क्रिटिकल बूथों की सुरक्षा

महराजगंज। विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को बगैर किसी भय, दबाव के बूथ तक पहुंचाने के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके अतंर्गत जनपद में 338 क्रिटिकल बूथ चयनित किए गए हैं, जहां पैरामिलिट्री फोर्स सुरक्षा का जिम्मा संभालेगी। ऐसे बूथों की सबसे अधिक संख्या फरेंदा, नौतनवा और सिसवा विधानसभा क्षेत्र में है। जिले में इस बार कुल 1148 मतदान केंद्रों पर कुल 2221 बूथ बनाए गए हैं। प्रशासन की ओर से इस बार इसमें से 225 मतदान केंद्रों के 338 बूथ को क्रिटिकल बूथ की श्रेणी में रखा गया है। इन बूथों पर पूर्व में हुई घटनाओं के दृष्टिगत यहां पर सामान्य फोर्स के साथ–साथ पैरामिलिट्री फोर्स की भी तैनाती की जाएगी। करीब 10 हजार फोर्स बाहर से आएगी। इसमें 60 कंपनी पीएसी व अर्धसैनिक बल के अलावा 4000 की संख्या में राज्य पुलिस बल व 3100 होमगार्ड के जवान शामिल रहेंगे। आचार संहिता लगते ही सदर व फरेंदा विधानसभा क्षेत्र में दो कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स आ चुकी है। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने बताया कि पैरामिलिट्री फोर्स को फरेंदा व सदर के समेकित विद्यालय में ठहराया गया है। चुनाव नजदीक आने पर आने वाली फोर्स को ठहराने के लिए जिले के 66 विद्यालयों का अधिग्रहण किया गया है।

## एसएसबी व पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

नौतनवा। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए .नौतनवा व पनियरा थाना क्षेत्र की पुलिस ने जिले में पहुंची पैरामिलिट्री फोर्स व एसएसबी के साथ फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया। इस दौरान सुरक्षा जवानों ने अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रत्येक सूचना पुलिस को देने की अपील की। नौतनवा संवाददाता के अनुसार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय व एसएसबी 44वीं बटालियन के उपनिरीक्षक गणेश सिंह पाल की अगुवाई में संपतिहा चौराहे से फ्लैग मार्च निकाला गया। जो चड़लहा, अड्डा बाजार, खोरिया बाजार, बैरवा बनकटवा, बैरवा चंदनपुर, रतनपुर, सेमरातर चौराहे से नौतनवा गांधी चौक पहुंचा। वहां से पैदल मार्च कर खनुआ तिराहा, तहसील रोड, नहर रोड, जयहिद चौराहा, जायसवाल मुहल्ला, हनुमान चौक, स्टेशन चौराहे से छपवा तिराहा पहुंच समाप्त हुआ। इस दौरान नौतनवा थानेदार राजेश पांडेय, चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह, योगेश पांडेय, रंजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। पनियरा संवाददाता के अनुसार विधानसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को लेकर विधानसभा आरओध्अपर एसडीएम मदन मोहन वर्मा व सीओ सदर अजय सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस व सुरक्षा बल के जवानों ने पनियरा नगर पंचायत कस्बा, मुजुरी बाजार, गांगी बाजार, खुटहां बाजार में फ्लैग मार्च निकाल लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया। इस दौरान थानेदार रामाज्ञा सिंह, अरुण कुमार सिंह, इम्तियाज अहमद, हरिश्चंद्र, रमाशंकर चौधरी, रामवृक्ष पटेल, इस्माइल खान, सोनू यादव, अभय कुमार, कृष्ण कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

## बिहार से असलहा मंगाकर बेचने वाले तीन गिरफ्तार

महराजगंज। सदर कोतवाली पुलिस ने रात में चोरी की योजना बनाते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपित घरों में चोरी करने के साथ–साथ बिहार से असलहा मंगाकर नेपाल व महराजगंज में बेचते थे। पुलिस के मुताबिक आरोपितों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का अपराध भी स्वीकार किया है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने सदर कोतवाली में प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी, कि नगर पालिका परिषद महराजगंज के अमरुतिया वार्ड में सुभाष के अर्धनिर्मित मकान में तीन आरोपित शहर में चोरी की नियति से रुके हैं। सूचना के आधार पर पहुंचे सदर कोतवाल रवि कुमार राय व नगर चौकी प्रभारी की टीम ने छापेमारी कर पंतनगर निवासी संजय कुमार मद्धेशिया, अमरुतिया निवासी विष्णु मद्धेशिया और उनके साथी मुजफ्फरनगर के थाना व कस्बा खेतौली निवासी मोहम्मद आसिफ को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से दो देसी पिस्टल, तमंचा, छह कारतूस , सेंध काटने में प्रयोग किया जाने वाला लोहे का सब्बल व चाबियों का गुच्छा बरामद हुआ। तीनों आरोपितों के विरुद्ध पुलिस ने आर्ध्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान किया जहां से जेल भेज दिया गया। रात में सराफा कारोबारी के वहां चोरी करने की थी योजनाः महराजगंज। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपित शहर के ही एक सराफा कारोबारी के दुकान को निशाना बनाने वाले थे। सदर कोतवाल ने बताया कि आरोपित पहले ताला खोलने का प्रयास करते हैं, अगर ताला नहीं खुलता तो उसे तोड़ने और फिर सेंध काटते थे। पुलिस टीम में ये रहे शामिलः आरोपितों की गिरफ्तारी में सदर कोतवाल रवि कुमार राय, नगर चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह, उपनिरीक्षक शैलेष प्रताप , महेंद्र यादव, रंजीत पांडेय, अजय शर्मा, रामअशीष यादव, प्रहलाद यादव व अंकित यादव।

# नोडल अधिकारी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले दो चिकित्सक

देवरिया । जनपद के नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा सचिव शमीम अहमद खान ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो चिकित्सक व स्थानान्तरण के बाद भी दो एएनएम के दूसरे अस्पताल में कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर नाराजगी जाहिर जाहिर किया। इसके अलावा बाल रोग विशेषज्ञ डा. नरेंद्र कुमार और महिला रोग विशेषज्ञ डा.नेहा मिश्रा के अनुपस्थित रहने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.आलोक पांडेय से कार्रवाई करने को कहा। बताया गया कि ज्वाइनिग के बाद ही दोनों चिकित्सकों का आना–जाना नहीं है। इस पर उन्होंने कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कोरोनारोधी टीकाकरण बूथ पर 200 के सापेक्ष 97 लोगों को टीका लगा देख तेजी लाने का निर्देश दिया। एसटीएच कक्ष में जिला अस्पताल के संबद्ध कर्मचारी के ड्यूटी करने पर उसे डांटकर कक्ष से भगा दिया और सीएमओ से कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण कर दवाओं का स्टाक व मरीजों से उनकी परेशानी के बारे में पूछा। अस्पताल में एक महिला चिकित्सक का नाम बोर्ड पर गलत लिखे जाने पर उसे ठीक कराने की बात कही। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आलोक पांडेय, तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार, अधीक्षक डा.अतुल कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**तीन स्टाफ नर्स की तैनाती करने का निर्देशः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नोडल अधिकारी ने निरीक्षण किया। ओपीडी, पीकू वार्ड का निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां मिली तो उसे जल्द से जल्द दुरुस्त करने का उन्होंने निर्देश दिया। प्रसूति विग केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने लिफ्ट को जल्द से जल्द सही कराने, तीन दिनों के अंडर जनरेटर लगाने का निर्देश दिया। दो सफाईकर्मी व तीन स्टाफ नर्स की तैनाती करने का भी उन्होंने निर्देश दिया। इसके बाद धर्मनाथ सिंह लारी इंटर कालेज में हो रहे कोरोनारोधी टीकाकरण का भी उन्होंने निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ, सीएमओ के अलावा अधीक्षक डा.बीबी सिंह मौजूद रहे। लार रोड संवाददाता के अनुसार कुंडौली पंचायत भवन पर निगरानी समिति के सदस्यों से नोडल अधिकारी ने बातचीत की। इस दौरान कोरोना को लेकर हुई तैयारियों के बारे में जानकारी ली। गांव में कोरोनारोधी टीकाकरण से वंचित 37 लोगों को दो दिनों के अंदर टीका लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान कोरोना कीट में कम दवा होने पर उन्होंने अधीक्षक को चेतावनी दी। इस दौरान ग्राम प्रधान अतुल सिंह, पंचायत सहायक साक्षी सिंह, लेखपाल आशीष कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी वैभव सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# देवरिया में फिर तेजी से बढ़ने लगी संक्रमितों की संख्या

देवरिया। कोरोना को लेकर जिले में खतरा धीरे–धीरे बढ़ रहा है। हर रोज पाजिटिव की संख्या लगातार बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग मुश्किल में है। आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 32 की रिपोर्ट पाजिटिव व 2608 की रिपोर्ट निगेटिव रही। इसके साथ ही जिले में सक्रिय केस की संख्या भी 167 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग पाजिटिव आए लोगों की खोजबीन व उनकी सैंपलिग में जुटा है। ओमिक्रोन को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी सतर्कता बरत रहा है, लेकिन लोग इसे लेकर अभी भी लापरवाही बरत रहे हैं। मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने के बाद भी अधिकांश लोग न तो मास्क लगा रहे हैं और न ही शारीरिक दूरी का पालन कर रहे हैं। हालांकि अभी तक जिले के अधिकांश संक्रमित अपने घर में ही होम आइसोलेशन में भर्ती हैं। इन पर निगरानी टीम लगातार नजर बनाए हुए है। सीएचसी, पीएचसी के डाक्टर संक्रमितों के घर पहुंच उन्हें कोरोना दवा किट देने के साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं। हालांकि अगर किसी भी मरीज को भर्ती करने की स्थिति आती है तो उसके लिए एमसीएच विग में कोविड लेवल टू अस्पताल को तैयार रखा गया है। यहां डाक्टर, स्वास्थ्यकर्मी पहले से तैनात हैं। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने कहा कि आज 32 नए केस आए हैं। जिले में सक्रिय केस की संख्या 167 हो गई है। एहतियात बरतने की आवश्यकता है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

8236 किशोरों समेत 30015 को लगा कोरोनारोधी टीकाः जिले में कोरोनारोधी टीकाकरण को लेकर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग गंभीर हो गया है। .जिले में 8236 किशोरों समेत कुल 30015 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी छूटे हुए लोगों को चिह्नित कर उनका टीकारकण करा रहें हैं। ओमिक्रोन के बढ़ते मामले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग इस मंशा के साथ कार्य कर रहा है कि एक भी व्यक्ति बिना टीका न रहने पाए। टीकाकरण की निगरानी स्वयं डीएम व उच्चाधिकारी कर रहे हैं। टीकाकरण के लिए जिले में कुल 737 टीकाकरण केंद्र बनाए गए थे। जहां 624 लोगों को बूस्टर डोज भी लगाया गया। कोरोनारोधी टीका ही कोरोना से बचाएगा। इसलिए टीकाकरण पर जोर दिया जा रहा है। इसे अभी भी लोग समझ नहीं पा रहे हैं। जो इस गंभीरता को समझ रहे हैं वह तो टीकाकरण करा लिया है, लेकिन अभी भी अधिकांश लोगों में लापरवाही भी देखने को मिल रही है। स्कूलों में किशोरों को टीका लगाया जा रहा है। हालांकि प्रथम डोज अधिकांश लोगों ने सीमावर्ती प्रांत बिहार में भी लगवा लिया था। जिससे लक्ष्य को पूरा करने में कठिनाई सामने आ रही है। इसे लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है।

## अवधेश यादव को सपा जिलाध्यक्ष बनाएं जाने पर हर्ष

**गोरखपुर (संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के स्वीकृत से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के द्वारा गोरखपुर जिला इकाई का गोला तहसील क्षेत्र के सकरदेईया निवासी अवधेश यादव को जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष पद पर कृष्ण कुमार त्रिपाठी को मनोनीत किए जाने पर गोला क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। इस मौके पर सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के द्वय जिला उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव व सलीम शेख ने गोरखपुर कैंप कार्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# चुनाव में पैसा व शराब बांटने से रोकेगी टीम

महराजगंज। विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए पैसा और शराब बांटने वालों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। ऐसी गतिविधियां रोकने के लिए 15 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए तीन–तीन टीमें बनाई गईं हैं। इस टीम में अवर अभियंता और पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने भी टीम गठित करते हुए निर्देश जारी किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि टीम नकदी और शराब बांटने वालों पर नजर रखेगी। जब्त कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी।

फरेंदा विधानसभा क्षेत्र में अवर अभियंता सुधीर कुमार, उप निरीक्षक विशाल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रणयशील तिवारी, कांस्टेबल विद्यासागर कुशवाहा को टीम में शामिल किया गया है। इसी प्रकार मनोज कुमार, विवेक कुमार सिंह जितेंद्र यादव, गणेश प्रसाद तथा संजय कुमार शुक्ला, दिनेश पांडेय, राम मिलन कुशवाहा और गणेश प्रसाद को तैनात किया गया है। नौतनवा विधानसभा क्षेत्र में सुनील कुमार शाह, जंग बहादुर यादव, राधेश्याम सिंह, बलवंत कुमार, उमेश चंद्र राव, लवकुश कुमार सिंह, धनंजय यादव, चंदन मणि, ओम प्रकाश यादव, शशि कुमार, रामप्रकाश यादव, शंकर दयाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सिसवा विधानसभा क्षेत्र में सुधाकर चौहान, अरुण कुमार, प्रदीप सिंह, राजनारायण यादव, जयशंकर चौबे, अशरफ खान, रविद्र प्रताप शाही, आनंद कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार यादव, भारत भूषण सिंह, राजेश कन्नौजिया, मनीष कुमार सिंह को टीम में शामिल किया गया है।

महराजगंज विधानसभा क्षेत्र में सतीश गौतम, भूपेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र कुमार, चंद्रसेन, आलोक रंजन, ओम प्रकाश गुप्ता, अमरनाथ पांडेय, अमित कुमार सिंह, पंकज कुमार, उमेश तिवारी, देवेंद्र राय, अजय यादव को तैनात किया गया है। पनियरा विधानसभा क्षेत्र में अजीत कुमार सिंह, संजय यादव, प्रदीप सिंह, रवि प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार वर्मा, मृत्युंजय, रामाशंकर, अनूप यादव, धीरेंद्र कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, संगम पांडेय, ददन यादव को टीम में शामिल किया गया है।

## दहेज हत्या में ससुर व सास गिरफ्तार

देवरिया । तरकुलवा थाना क्षेत्र के महुआरी में दहेज के लिए हुई विवाहिता की हत्या के मामले में पुलिस ने सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही फरार चल रहे पति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। गांव के ओमप्रकाश की बहू जूही की संदिग्ध परिस्थिति में मंगलवार की रात मौत हो गई थी। आनन–फानन में ससुरालियों ने जूही का अंतिम संस्कार कर दिया था। इस मामले में मृतका की मां बबीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने सास, ससुर व पति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। ससुर ओमप्रकाश व सास को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पति की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डांडा बैराज से आ रहा नेपाल का दूषित पानी

नौतनवा। सोनौली क्षेत्र के फरेंदी तिवारी गांव के पास नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाली डांडा नदी गंदगी व कूड़ेध कचरे से कराह रही है। नदी में यह गंदगी नेपाल के भैरहवा कस्बा व आसपास के गांवों से पहुंच रही है। गंदगी से नदी का पानी दूषित हो गया है। इससे निकली नहर के पानी से नौतनवां क्षेत्र के खेत प्रभावित हो रहे हैं। डांडा नदी के भारत में प्रवेश करने वाले स्थल पर बैराज बनाया गया है। यहां पानी रोककर कर नहर के जरिये खेतों की सिचाई की जाती है। बैराज से 200 मीटर दूर नेपाल के पकलियहवा गांव के पास नदी को ही कूड़ा निस्तारण स्थल बना दिया गया है। यहां पकलियहवा, भैरहवा कस्बा व भैरहवा स्थित मेडिकल कालेज से निकले कचरे को नदी में ही डाल दिया जा रहा है। दो दशक से बिगड़ रही नदी की दशाः नदी पर बैराज का निर्माण वर्ष 1956 में हुआ था। ग्रामीणों का कहना है कि पहले नदी व उससे जुड़ी नहर का पानी इतना स्वच्छ होता था कि लोग पीते भी थे, लेकिन करीब 20 वर्ष पूर्व नेपाल के भैरहवा व बुटवल क्षेत्र में औद्योगिक विस्तार का सिलसिला शुरू हुआ तो मलबे इसी नदी में गिराए जाने लगे। बाद में कस्बे के नाले का पानी भी इसी नदी में गिराया जाने लगा। नहर करीब तीन दर्जन से भी अधिक गांवों के खेतों की सिचाई का प्रमुख साधन है।

# गुरु गोरक्षनाथ मंदिर पूर्वांचल का मकरसंक्रांति पर्व पर आस्था का केंद्र : कमलेश पासवान

**गोरखपुर।** कौड़ीराम विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम सभा कनईल के मलीन बस्ती में मकरसंक्रांति के पावन अवसर पर खिचड़ी का सहभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांसगांव लोकसभा के भाजपा सांसद कमलेश पासवान थे। मकरसंक्रांति के पावन पर्व पर कनईल के ग्राम सभा के मलीन बस्ती में खिचड़ी का सहभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कमलेश पासवान ने कहा कि मैं सर्व प्रथम आप सभी को मकरसंक्रांति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। और कहा कि विश्व मे भारत अपनी संस्कृति,कला सभ्यता और धार्मिक पर्वों (त्यौहार) का केंद्र बिंदु है। इसके अलावा गुरु गोरक्षनाथ मंदिर पूर्वांचल में केंद्र बिंदु है जहां पर बड़े श्रद्धा पूर्वक मकरसंक्रांति मनाया जाता है। भारतीय दैनिक पंचांग के अनुसार प्रत्येक माह में कोइ ना कोइ त्योहार अवश्य पड़ता है इन सभी त्योहारों में मकर संक्रांति का पर्व हिन्दू धर्म के लोगों का एक मुख्य पर्व कहा जाता है। नए साल के पहले महीने जनवरी में मकर संक्रांति के महा पर्वों की शुरुआत होती है। किसी न किसी रूप में लोग अपनी–अपनी मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति को मनाया जाता हैं।साथ ही स्नान–दान का विशेष महत्व रहता है। इस अवसर पर मनोज शुक्ल (जिला उपाध्यक्षधजिला पंचायत सदस्य),अनूप जी प्रधान ग्रामप्रधान सुबोध शुक्ल प्रधान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील पासवान, श्रीमती यशोदा त्रिपाठी,श्रीमती डूँगरी देवी, श्रीमती शांति देवी, श्रीमती फूलकुमारी,श्रीमती सविता देवी,रत्नेश्वर शुक्ल, अखिलेस्वर शुक्ल,सनी दुबे,बसन्त पाण्डेय,गामा,मिथिलेश,गुड्डू,रामसकल, शिव,दुर्गेश,दीपू भारती,सूरज भारती,अवधेश भारती, राहुल,विकाश,सोनू दुबे,कार्तिक यादव,मोहित,चन्दन तिवारी, आकाश शुक्ल,लल्लन भारती,दुलारे भारती एवं अभिषेक कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

## जिला जज ने किया न्यायालय परिसर का निरीक्षण

जासं, महराजगंज। सुबह जिला जज जयप्रकाश तिवारी ने न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय में आने वाले वादकारियों, कर्मचारियों व अधिवक्ताओं को कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने व मास्क का प्रयोग नियमित रूप से करने का निर्देश दिया।

# शहीद चंद्रभान चौरसिया को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

## हिमस्खलन के आगोश में आकर हो गये थे शहीद

**कुशीनगर ।** शुक्रवार को सेवरही थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत दुमही गांव निवासी शहीद चंद्रभान चौरसिया की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पैतृक गांव स्थित समाधिस्थल परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सनद रहे कि शहीद के द्वितीय पूर्णतिथि पर आयोजित सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते एसडीएम डा. छेदी लाल सोनकर ने कहा कि देश के लिए चंद्रभान का उत्कृष्ट बलिदान सदियों तक याद रखा जाएगा। चंद्रभान की शहादत से मुझे लगता है कि एक सैनिक होना ही श्रेष्ठ है। विशिष्ट अतिथि एपीएन न्यूज चौनल के मैनेजिंग डायरेक्टर व कुशीनगर महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष विनय राय ने कहा कि चंद्रभान की शहादत व्यर्थ नहीं जाने वाली है। उनकी प्रेरणा लेकर प्रतिदिन सैकड़ों युवा सेना में जाने की तैयारी करते हैं जो प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि अगली पुण्यतिथि के पूर्व शहीद के समाधिस्थल का सुंदरीकरण व मूर्ति की स्थापना कुशीनगर महोत्सव का लक्ष्य है। अति विशिष्ट अतिथि सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष मु. इलियास अंसारी ने कहा कि हमें गर्व है कि चंद्रभान की शहादत से हमारे क्षेत्र को देशभक्त के क्षेत्र के रुप में ख्याति मिली। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ल ने कहा कि चंद्रभान हमारे हृदय में हैं और उनका बलिदान युवाओं को सदैव प्रेरित कर्ता रहेगा। सभा को भाजपा नेता विजय राय, शिक्षक व पत्रकार सुनील कुमार सुमन, किसान नेता पारस नाथ सिंह,प्रधान प्रतिनिधि रामचंद्र राय,भाजपा मंडल महामंत्री जितेंद्र गुप्ता,सत्यम त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया। संचालन राजन सिंह व अजय निगम ने संयुक्त रुप से किया।इसके पूर्व पत्नी पिंकी चौरसिया,पुत्रगण आयुष व आर्यन, पिता राजबलम चौरसिया, भाई उदयभान चौरसिया, बहनोई सरोज भाटिया आदि की उपस्थिति में अतिथिगण ने समाधिस्थल पर पुष्पार्चन कर मशाल प्रज्ज्वलित किया जिसे धावकों द्वारा श्रद्धांजलि स्थल तक लाया गया और शहीद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान जिला स्काउट प्रशिक्षक अजय निगम, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्रिंस पांडेय, सत्येंद्र उर्फ गुड्डू शुक्ल, अनवर अंसारी, शाहजहां हुसैन, कोमल यादव ,शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी के भतिजे सत्यम त्रिपाठी , सेवरही एसएचओ आशुतोष सिंह, एसआई शनि जावला, केदारनाथ सिंह, बबलू तिवारी, हरकेश रावत, प्रवीण राय, संतोष तिवारी, अभय सिंह, हरख यादव लोग उपस्थित रहे। शहीदों के चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेंले,वतन पर मरनेवालों की बाकी यही निशा होगी' भारतीय थल सेना के सैनिक चंद्रभान चौरसिया जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जनपद के मच्छल सेक्टर में देश की सीमा के रक्षार्थ तैनात थे। 14 जनवरी 2020 को हिमस्खलन की चपेट में आकर शहीद हो गए। शुक्रवार को शहीद की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर नम आंखों से लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आम का वृक्ष लगाकर दी श्रद्बांजलि

**गोरखपुर।** आंसू पोछो,वृक्ष लगाओं,अभियान के संयोजक डा.प्रवीण तिवारी ने शुक्रवार को बड़हलगंज क्षेत्र के बेलसडीघ गांव मे पहुंचकर विगत दिनों दिवगंत हुए पूर्व शिक्षक व पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व मदन किशोर तिवारी की स्मृति मे परिजनों से आम का वृक्ष लगवाकर उन्हें श्रद्बांजलि समर्पित की। डा.प्रवीण तिवारी ने उपस्थित लोगों को बताया कि दिवंगत हुए व्यक्ति के परिवार मे क्रिया–कर्म से निवृत होने के बाद परिजनों से दिवंगत आत्मा की याद मे एक या एक से अधिक कोई भी वृक्ष लगवाकर उसकी देख–रेख की जिम्मेदारी दे देता हूं।बाद मे उस वृक्ष पर दिवंगत आत्मा के नाम की एक तख्ती लगाकर आने वाली पीढ़ियों को उनके बारे मे अवगत कराना एक प्रमुख उद्देश्य है। पर्यावरण के क्षेत्र मे भी यह अभियान मील का पत्थर साबित हो रहा है।यह वृक्ष जब बडाध होगा तो उसके नीचे बैठने से उस आत्मा का पूरा आशीर्वाद परिजनों को सदैव मिलता रहेगा।

# साई पालकी यात्रा में साई बाबा के लगे जयकारे

दैनिक बुद्ध का संदेश

राबर्ट्सगंज/सोनभद्र। राबर्ट्सगंज नगर स्थित साई मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर श्री साई सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष श्री साई पालकी यात्रा नगर में बड़े ही धूमधाम से निकाली जाती है। लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण शुक्रवार को मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर निकाली गई पालकी यात्रा पूरे नगर में भ्रमण नहीं किया। पालकी यात्रा साईं मंदिर परिसर से साईं चौक तक ही घुमाते हुए 11 फेरी लगाई। इस दौरान यात्रा में शामिल भक्तों ने साई बाबा के जयकारे भी लगाया। बताते चलें कि साईं भक्तों द्वारा 2007 में मंदिर की



नींव रखी गई और 14 जनवरी 2014 को शिरडी के प्रधान पुजारी अमित देशमुख के कर कमलों से तीन दिवसीय पूजन अर्चन के साथ मंदिर में मूर्ति की स्थापना हुई। सांई मंदिर में स्थापित सांईनाथ के मूर्ति के साथ सिध्दि विनायक गणेशजी, राधाकृष्ण,

- **साई पालकी को उठाने को हर कोई दिखा बेताब**
- **पालकी यात्रा में भजनों की धुन पर झूमे श्रद्धालु**
- **श्री साईं नाथ के जयकारों से गूंज उठा साईं चौक**

दक्षिणेश्वर हनुमानजी भी स्थापित हुए थें। वही शंकर परिवार में शंकर जी, माँ पार्वती, कार्तिकेय, गणेश जी व नंदी भगवान, माँ दुर्गा के मंदिर का जिर्णोद्धार हुआ था। श्री साईं सेवा समिति द्वारा आयोजित आज के कार्यक्रम में मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं को फूलों से सुसज्जित किया गया और उनकी भव्य झांकी सजा कर भक्तों द्वारा दिव्य आरती उतारते हुए पूजा अर्चना किया गया। भक्तों द्वारा श्री साईं नाथ के जयकारों के साथ पूरा साई चौक गूंज उठा। श्री सांई सेवा समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर में श्री साईं पालकी के साथ 11 फेरा लगाया गया। इसके बाद भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें गायक संजीव शर्मा, सूरज गुप्ता एवं राजन अग्रहरि, ने श्री साईं नाथ की एक से बढ़कर एक भजन गाया। इस दौरान सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भक्ति भजन का आनंद उठाया। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे, श्री साईं सेवा समिति के अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद अग्रहरी, महामंत्री विमल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रसन्न जायसवाल, संरक्षक अशोक चालान, राजू सोनी, सुदीप शुक्ला, दिनेश गुप्ता, परमेश जैन, सुधीर जैन, संजीव शर्मा, चंदन चौबे, हर्षवर्धन केसरवानी, अंकित केजरीवाल, राजेंद्र जैन, सुलोचना सिंह, गीता जयसवाल संतोष केसरी सहित आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

## ओवर हाइट एवं ओवरलोडिंग गाड़ियों के सड़कों पर चलने से रोक लगाए प्रशासन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद जनपद के प्रमुख मार्गो नगर कस्बों से ओवरहाइट एवं ओवरलोडिंग गन्ना लदी ट्रकों व ट्रालो की समस्याओं के मामले में कोई सुधार नहीं हो रहा है ओवरहाइट ट्रकों के कारण आए दिन विद्युत बाधित होते रहते हैं वही ओवरलोडिंग ट्रकों, ट्रालों में क्षमता से अधिक भार के कारण सारी सड़कें टूट रही है जनपद की कोई ऐसी सड़क नहीं है जो टूटी न हो और टूटी फूटी सड़कें बरसात के पहले झटके में उखड़ कर सामने आ जाती है। और आम जनता को इसे झेलना पड़ता है। फिर कहीं दो चार महीने बाद उस पर पैचिंग आदि लग पाता है। ऐसे में जनहित में चीनी मिल के ओवरहाइट ट्रालो एवं ओवरलोडिंग ट्रकों को जिला प्रशासन चलवाने से रोक लगाएं अन्यथा किसी भी स्थिति में इसके खिलाफ कार्यवाही कराने के लिए बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक संगठनों को मजबूरन आगे आना पड़ेगा यह बात बलरामपुर विकास मंच के संयोजक घनश्याम मिश्रा ने कही।

## जनपद में मकर संक्रांति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। देश परदेश में तरह–तरह के नामों से मनाए जाने वाले त्योहार जिसे पूर्वी उत्तर प्रदेश में मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है इस अवसर पर लोग गंगा स्नान आदि करके नए चावल से पक्के खिचड़ी का सेवन करते हैं बताया जाता है कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं तभी मकर संक्रांति मनाई जाती है वर्तमान में या त्योहार जनवरी माह के 14 या 15 दिन में ही होता इसी तरह तमिलनाडु में इसे पोंगल के नाम से जानते हैं और इस अवसर पर तरह तरह के कार्यक्रम नौकायन आदि कार्यक्रम करते हैं जबकि कर्नाटक केरल आंध्रप्रदेश में इसे संक्रांति के रूप में ही मनाते हैं मकर संक्रांति पूरे भारत में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है इसे स्नान दान का पर्व भी कहते हैं वैसे इसे किसान अपनी अच्छी फसल के लिए भगवान को धन्यवाद देकर अपनी अनुकंपा को सदैव लोगों पर बनाए रखने का आशीर्वाद मांगते है।

## समस्त प्रतिष्ठान कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करे –डीएम

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। जिलाधिकारी विजय किरन आनन्द लोगों से मकर



संक्रांति तथा खिचड़ी पर्व के समस्त अनुष्ठानों में कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करने की अपील करते हुये कहा है कि कोरोना प्रोटोकॉल का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।उन्होने बताया कि शासन से जारी दिशा निर्देशो के अनुसार कोविड के बढते हुये संक्रमण को रोकने के लिये कोविड नियमो का यथा सोशल डिस्टेसिग मास्क का उपयोग तथा सेनेटाईजर का प्रयोग की अनिवार्यता का कडाई से अनुपाल किया जाये। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के आयोजनों में कोविड वैक्सीनेशन की डबल डोज प्राप्त किये हुए व्यक्ति ही सम्मिलित हों। विभिन्न बीमारियो से ग्रसित (कोमॉर्बिड) व्यक्ति हों वरिष्ट नागरिक गर्भवती महिलाये बच्चे तथा ऐसे जिन लोगों को बुखार जुकाम अथवा गला खराब जैसे कोविड लक्षण हों ऐसे लोगो को मकर संक्रांति के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर होने वाले मेलों, पावन नदियों में स्नान तथा अन्य आयोजनों में जाने से बचें। उन्होने बताया कि स्नानध मेले में पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध यम से लोगों को कोरोना से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किया जाए। कोविड टीकाकरण के सम्बन्ध में भी जानकारी उपलब्ध ा करायी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह आयोजन स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के उच्च मापदण्डों के आधार पर सम्पन्न कराए जाएं।

# जरूरी नहीं, कोरोना ग्रस्त मां का शिशु भी हो पॉजिटिव

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर, 14 जनवरी। यह कोई जरूरी नहीं कि कोविड पॉजिटिव गर्भवती के शिशु को भी कोविड होगा। खासकर जब तक वह पेट में है। ज्यादा सुरक्षित है। हां, प्रसव के बाद प्रोटोकाल का पालन नहीं करने पर कोविड होने की पूरी आशंका रहती है। जिला महिला चिकित्सालय की सीएमएस व स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. विनीता राय ने शुक्रवार को बताया कि जिले में कोविड संक्रमण बहुत तेजी बढ़ रहा है। यदि आप गर्भवती हैं और कोविड पॉजिटिव हैं या रह चुकी तो कोविड को लेकर कतई न घबराएं। कोविड जैसी संक्रामक बीमारी से बचने के लिए बस जागरूक, सचेत और सतर्क रहें। सदैव अपने चिकित्सक के संपर्क में रहें और उनके सुझाओं का

- **घबराएं नहीं हर जनपद में संचालित हैं कोविड-19 अस्पताल**
- **संक्रमित गर्भवती कोविड अस्पताल में ही कराएं प्रसव, नियमित प्रोटोकॉल भी अपनाएं**

पालन करें। डा. विनीता ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्भवती माहिलाएं अनावश्यक अस्पताल में न आएं। कोशिश करें चिकित्सक से ऑनलाइन परामर्श लें।

गर्भवती महिलाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता अन्य के मुकाबले कम होती है। इसलिए गर्भवती महिलाएं अपने व बच्चे के भविष्य के लिए साफ–सफाई का खास ध्यान दें। कुछ भी छूने के बाद 40 सेकंड तक साबुन से हाथ ध ाो लें और मास्क लगाए रखें। उन्होने बताया कि यदि मां कोविड पॉजिटिव है या रह चुकी है तब भी उसको स्तनपान कराना है। बस साफ–सफाई का ध्यान देते हुए मास्क लगाकर ही स्तनपान कराना है। यह भी ध्यान रखें कि बच्चे के ऊपर किसी प्रकार की छींक या खांसी की ड्रॉपलेट न जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुशील कुमार ने बताया कि जिले में कोविड अस्पताल का संचालन किया जा रहा हैं। साथ ही सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश है कि संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करें। कोविड पॉजिटिव महिलाओं को प्रसव के लिए कोविड अस्पताल ले जाने की भी अलग से व्यवस्था है।

**कोविड पॉजिटिव गर्भवती महिलाएं क्या करें**

नियमित कोविड प्रोटोकाल अपनाएं। आंगन या अकेले रोज ध ूप में बैठें। बाजार का पका हुआ आहार न करें। बाहर से आया समान सेनेटाइज करें। बाहर से लाए सामानों को 3 दिन बाद ही उपयोग में लाएं। अति आवश्यक स्थिति में ही घर से बाहर निकलें। अनावश्यक अस्पताल न जाएं। ऑनलाइन परामर्श लेने की कोशिश करें। संभव हो तो घर पर ही सेंपल दें। नकारात्मक चर्चा में शामिल न हों।

## मंडल स्तरीय 15 पीआरडी प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। इमलिया कोडर पचपेड़वा में मंडल स्तरीय 15



दिवसीय पीआरडी प्रशिक्षण शिविर का समापन संपन्न हुआ। 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 200 प्रशिक्षु पीआरडी जवानों को पुलिस विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा यातायात, आपदा प्रबंधन, वर्दी धारण करना, भीड़ नियंत्रण,शस्त्र सलामीध्संचालन, बिना शस्त्र सलामी आदि प्रशिक्षण दिया गया।समापन समारोह पर प्रशिक्षु पीआरडी जवानों ने मार्च पास्ट कर जिला कमांडेंटध्कैंप कमांडेंट प्रदीप कुमार त्रिपाठी को सलामी दी गई।जिला कमांडेंटध्कैंप कमांडेंट प्रदीप कुमार ने पीआरडी जवानों को अपने कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा से निर्वहन किए जाने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने सभी जवानों को शुभकामना देते हुए कहा की पीआरडी जवानों ने बड़े ही अनुशासन ढंग से शिविर में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रशिक्षु पीआरडी जवानों को सफल प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।इस दौरान समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी व अन्य संबंधितध्अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धड़ल्ले से हो रहा खनन, प्रशासन मौन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एक तरफ शासन जहां अवैध खनन के प्रति सख्त हैं, वहीं हर्रैया सतघरवा थाना क्षेत्र के हेध्गहा, धोबयनिया, खैरा



हनिया, आदि नालों पर धड़ल्ले से बालू का अवैध खनन जोरों पर चल रहा है। खनन माफियाओं के नेटवर्क के आगे प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। सूत्रों की माने तो प्रशासन की मिली भगत से बालू खनन का अवैध कारोबार चल रहा है। अवैध खनन का कारोबार करने वाले लोग पहाड़ी नाले के बालू को बेच कर मालामाल हो रहे हैं। बालू माफिया दिन मे घूमकर जरुरत मंदों से भाव तय कर पांच हजार से छह हजार रुपया मे प्रति टाली बालू बेच रहे हैं। प्रतिदिन रात 10बजे से लेकर सुबह 8.00 बजे तक अवैध ा खनन का खेल चलता रहता है। खनन करने वाले माफियाओं के पास खुद की ट्रैक्टर–ट्राली है वहीं खनन करने वाले कुछ लोग आस पास के गांव के ही हैं। इस गोरखधंधे पर रोक लगाने के लिए आवाज उठाने वालों को खनन माफियाओं द्वारा डराया धमकाया जाता है कर दबंगई के बल पर खनन करते है। खनन निरीक्षक बलरामपुर ने बताया कि बालू खनन कि सूचना मुझे मिला है अगर खनन हो रहा है तो जल्द ही छापेमारी किया जाएगा तथा इसमें लगे वाहन को सीज कर कानूनी कार्यवाही किया जायेगा।

# रोमांचक मुकाबले में गढ़वा ने सिंगरौली को दो विकेट से हराया

## अंकित पाण्डेय बने मैन ऑफ द मैच

दैनिक बुद्ध का संदेश

म्योरपुर/सोनभद्र। म्योरपुर खेल मैदान पर थ्री स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में हो रहे 18वा अंतराज्यीय ड्यूज क्रिकेट टूनामेंट का सतवा दिन का मुकाबला बारिश होने के गुरुवार को गढ़वा व सिंगरौली के बीच खेला गया टॉस जीत कर पहले सिंगरौली की टीम ने बल्लेबाजी का फैसला किया निर्धारित 20 ओवरों में सिंगरौली की टीम सभी विकेट खो कर 182 रनों पर ऑल आउट हो गयी गढ़वा के बॉलर अंकित पांडेय ने 33



रन खर्च कर दो विकेट लिये जबकि ध्रुवमेहता ने 30 रन खर्च कर चार विकेट लिए तथा रोहित सिंह 26 रन खर्च कर दो विकेट लिए बल्लेबाजी करते हुए सिंगरौली के बल्लेबाज विकास ने 62 रनों की पारी खोली व आकाश ने 43 रनों की पारी खेली रनों का पीछा करने उतरी गढ़वा की टीम ने 20वे ओवर में आठ विकेट खो कर लक्ष्य का पीछा कर लिया गढ़वा के बल्लेबाज रोहित सिंह ने 22 बाल पर 51 रनों की आतिसी पारी खेली तथा अंकित पांडेय ने ताबड़ तोड़ बल्लेबाजी का परिचय देते हुए 16 गेंद में 45 की पारी खेल टीम को जीत दिला दिया सिंगरौली के बॉलर राजू ने 36 रन खर्च कर के 3 विकेट व गप्पू ने 25 रन खर्च कर तीन विकेट लिए मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार समाज सेवी अनवर अली के हाथो गढ़वा के खिलाड़ी अंकित पाण्डेय को दिया गया मुख्य निर्णायक की भूमिका शमसाद अली व अजय कुमार ने निभाई तथा कमेंटेटर रितेश जायसवाल व बाबा रहे स्कोरर की भूमिका आशीष अग्रहरि ने रहे।

## विकासखंड हरैया सतघरवा में 20 जनवरी के बाद बटेगा तेल नमक ,चना

दैनिक बुद्ध का संदेश

हरैयासतघरवा (बलरामपुर) स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायतों में सरकार द्वारा दिए जाने वाला निशुल्क तेल, चना तथा नमक अभी तक वितरित नहीं किया गया है जिसके कारण ब्लाक के राशन कार्ड धारकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है राशन कार्ड ध ारक दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, जयप्रकाश गुप्ता, रमेश कुमार, बाबूलाल, युसूफ खान तथा अकरम आदि लोगों ने पूर्ति निरीक्षक हरैया सतघरवा से चना तेल तथा नमक बंटवाने की मांग की है इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक इंद्रभान पटेल ने बताया कि विकासखंड के सभी कोटेदारों के यहां चना तेल तथा नमक नहीं पहुंच पाया था इसलिए अभी तक रोक लगाया गया था 20 जनवरी के बाद प्रधानमंत्री अन्नकल्याण योजना के तहत बंटने वाला खाद्यान्न के साथ सभी राशन कार्ड धारकों को चना, तेल तथा नमक वितरित कराया जाए

# खिरीहटा में सोन साहित्य संगम के बैनर तले कवि गोष्ठी सोलह को

## वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी का 74 वां जन्मदिन मुसही मनेगा सत्रह को

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद के वयोवृद्ध वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी के 74 वें जन्मदिन के पूर्व संध्या पर रविवार को घोरावल क्षेत्र के खिरीहटा ग्राम पंचायत में एक विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। बताते चलें कि देश काल और समाज हित में अपनी निष्पक्ष और निर्भीक साहित्यिक लेखनी का प्रयोग करने वाले वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी लगभग 4 दशक से भी अधिक वर्षों से समाज हित में पत्रकारिता धर्म



का निर्वहन करते चले आ रहे हैं। हर साल उनके जन्मदिन पर 17 जनवरी को जिले के पत्रकारों की ओर से एक पत्रकारों का महाकुंभ आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष कोविड–19 संक्रमण एवं उत्तर प्रदेश में चुनाव आचार संहिता के प्रभावी होने के कारण कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए आयोजन को दो भागो में बांट दिया गया है । ऐसे में चाचा जी मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर 16 जनवरी को साहित्यिक सत्र में सोन साहित्य संगम के बैनर तले विचार व कवि गोष्ठी का आयोजन खिरीहटा ग्राम पंचायत मे युवा समाजसेवी अनुज शुक्ला द्वारा आयोजित किया गया है। वही 17 जनवरी को पत्रकारों की संस्था मीडिया फोरम आफ इंडिया न्यास के तत्वावधान में चुर्क के समीप मुसही स्थित फोरएस होम्योपैथिक फार्मेसी कॉलेज सभागार में पत्रकार संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह न्यास के जिलाध यक्ष राजेश कुमार गोस्वामी एवं वरिष्ठ पत्रकार मनोज तिवारी के संयोजन में होना सुनिश्चित किया गया है।

## मकर संक्रांति के अवसर पर बिशाल भण्डारे का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।मकर संक्रांति के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष



भी उत्तर प्रदेश उद्योग विभाग प्रतिनिधि मंडल औड़ी की लरफ से विशाल भंडारे का आयोजन किया औड़ी मोड़ पर किया जिसमें मुख्य रुप से प्रमुख युवा समाजसेवी सत्यम शेखर मिश्रा विजय मल गिरी इमरान खान कोषाध्यक्ष आशीष गोयल अध्यक्ष विजय ठाकुर जयराम गिरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य बड़े भाई मिथुन ध ामेंद्र गुप्ता लालबाबू गुप्ता राकेश यादव रामेश्वर आजाद डॉ धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा गुड्डू उपाध्याय पवन मौर्या हवा अन्य सैकड़ों की संख्या में व्यापारी गण मौजूद रहे

# अपर पुलिस अधीक्षक ने चलाया अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध दबिश अभियान

## अवैध शराब के विरुद्ध अभियान के तहत 02 अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजी×त,25 लीटर अवैध शराब बरामद, 1000 किग्रा लहन की गई नष्ट



दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी रामअभिलाष एवं अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान के तहत आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा थाना रेहरा बाजार के अंतर्गत ग्राम रघुनाथपुर ग्वालियर ग्रंट में दबिश दी गई । दबिश के दौरान 25 लीटर अवैध शराब बरामद की गई तथा 1000 किलोग्राम लहन नष्ट की गई। इस दौरान दो अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराए जाने की कार्रवाई की गई।अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा लाइसेंसी मदिरा की दुकानों का भी निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया।जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विधानसभा सभा निर्वाचन के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम निरंतर प्रवर्तन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आमजनमानस से अपील किया कि यदि आपके आसपास अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल टोल फ्री नंबर 14405 या व्हाट्सएप नंबर 9454466019 पर तत्काल सूचना दे, आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# जरूरी नहीं कोरोना ग्रस्त मां का शिशु भी पॉजिटिव हो : डा. सुषमा कर्णवाल

## जिले में संचालित हैं कोविड.19 अस्पताल, संक्रमित गर्भवती कोविड अस्पताल में ही कराएं प्रसव

सीतापुर। कोरोना संक्रमित गर्भवती के गर्भस्थ शिशु को कोरोना को लेकर कोई खतरा नहीं है। गर्भ में वह अधिक सुरक्षित हैं हां प्रसव के बाद कोविड प्रोटोकाल का पालन न करने पर कोविड होने की पूरी आशंका रहती है। यह कहना है जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुषमा कर्णवाल का। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण आजकल बहुत तेजी बढ़ रहा है। यदि आप गर्भवती हैं और कोविड पॉजिटिव हैं या रह चुकी तो कोविड को लेकर कतई न घबराएं। कोविड जैसी संक्रामक बीमारी से बचने के लिए बस जागरूक सचेत और सतर्क रहें। सदैव अपने चिकित्सक के संपर्क में रहें और उनके सुझावों का पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्भवती अनावश्यक अस्पताल न आएं। कोशिश करें चिकित्सक से ऑनलाइन परामर्श लें। गर्भवती की रोग प्रतिरोधक क्षमता अन्य के मुकाबले कम होती है। इसलिए गर्भवती महिलाएं अपने व बच्चे के भविष्य के लिए साफ सफाई का खास ध्यान दें। कुछ भी छूने के बाद 40 सेकंड तक साबुन से हाथ धो लें और मास्क लगाए रखें। डॉ. कर्णवाल ने बताया कि यदि मां कोविड पॉजिटिव है या रह चुकी है तब भी उसको स्तनपान कराना है। बस साफ सफाई का ध्यान देते हुए मास्क लगाकर ही स्तनपान कराना है। यह भी ध्यान रखें कि बच्चे के ऊपर किसी प्रकार की छींक या खांसी की ड्रॉपलेट न जाए।

# युवा दिवस पर शुरू हुआ गायत्री परिवार का स्वावलंबन अभियान

## युवा प्रकोष्ठ की महिला टीम देगी महिलाओं को स्वावलंबन का प्रशिक्षण

सीतापुर। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ सीतापुर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस जेल रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर मनाया गया। जहां पर गायत्री परिवार द्वारा युवाओं को श्रेष्ठ दिशा धारा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए युवा जोड़ो अभियान के अंतर्गत युवा प्रकोष्ठ के युग सृजेता जनपदीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को जिला समन्वयक राम नरेश वर्मा, मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी गंगासागर वर्मा और युवा प्रकोष्ठ के प्रेमदीप जायसवाल ने संबोधित कर गायत्री परिवार वार्षिक युवा अभियानों पर चर्चा की। इसके साथ ही युवा दिवस के अवसर पर युवा प्रकोष्ठ द्वारा संत नगर सहसापुर स्थित गायत्री चेतना केंद्र पर स्वावलंबन अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से स्वावलंबन का प्रशिक्षण लेकर आईं अर्चना मौर्य व कंचन मौर्य ने महिला मंडल की बहनों को फलों के जैम व कामधेनु दर्द निवारक तेल बनाने का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया। अर्चना मौर्य ने बताया कामधेनु तेल जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, कंधे के दर्द, लकवा, संधिवात, साइटिका आदि में अत्यंत अत्यंत लाभकारी है। तेल की अधिक गुणवत्ता के लिए इसे देसी चूल्हे की धीमी आंच पर बनाया जा रहा है। स्वावलंबन के लिए प्रेरित करने वाले गायत्री चेतना केंद्र के व्यवस्थापक संत कमल ने बताया शीघ्र ही स्वावलंबन केंद्र पर आचार, गोमय उत्पाद, अगरबत्ती निर्माण आदि के प्रशिक्षण भी शुरू होंगे। महिला मंडल स्वावलंबन अभियान के उत्पाद गायत्री शक्तिपीठ व गायत्री चेतना केंद्र पर उपलब्ध रहेंगे। युवा दिवस कार्यक्रम में रमाकांत अवस्थी, परिव्राजक रामदास सहित जिले के क्षेत्रीय प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने दी।

# नोडल अधिकारी ने जिला अस्पताल में आक्सीजन प्लांट व आईसीयू वार्ड का किया निरीक्षण

सीतापुर। कमिश्नर वाणिज्य कर, नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने भ्रमण के तीसरे दिन जिला अस्पताल, ऑख अस्पताल, कान्हा उपवन एवं निराश्रित गौवंश आश्रय स्थल नगर पालिका, एकीकृत कोविड कमाण्ड एवं कन्ट्रोल सेन्टर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने जिला चिकित्सालय में निर्माणाधीन वार्ड का निरीक्षण करते हुये सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही प्रत्येक वार्ड में आक्सीजन क्रियाशील रहे। उन्होंने ओमिक्रान वार्ड को देखा व स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके उपरान्त उन्होंने पीडियाट्रिक आई0सी0यू0 वार्ड का निरीक्षण कर जरूरी मशीनों की उपलब्धता एवं उनकी क्रियाशीलता की भी जानकारी ली। नोडल अधिकारी ने आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि आक्सीजन प्लांट संबंधित अधिकारी व टैक्नीशियन का मोबाइल नम्बर दर्शाया जाये ताकि आकस्मिक स्थिति में नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सके तथा आक्सीजन प्लांट की कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी ली। ई. वैक्सीन स्टोर में लाईटिंग व्यवस्था, साफ.सफाई के साथ कोल्ड चौन का सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश नोडल अधिकारी ने दिये। उन्होंने चिकित्सालय में स्थापित आरटीपीसीआर लैब में का निरीक्षण कर मशीन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी ने ऑख अस्पताल पहुंचकर कराये जा रहे कोविड टीकाकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोविड टीकाकरण का बैनर स्पष्ट रूप से साफ दिखायी देना चाहिये ताकि लोगों को टीकाकरण की जानकारी हो सके तथा दोनों टीकाकरण पूर्ण होने के 09 महीनें बाद बूस्टर डोज लगाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सीतापुर नगर क्षेत्र में स्थित कान्हा उपवन एवं निराश्रित गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि बीमार पशुओं का अलग से रिकार्ड तथा पशुओं के उपचार में दी जाने वाली दवाओं का भी रिकार्ड तैयार किया जाये। उन्होंने पशुओं के लिये पर्याप्त मात्रा में चारा, भूसा, पानी, अलाव आदि का भी प्रबंध रखने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को मण्डियों में बचने वाले वेस्ट को चारे के रूप में उपयोग करने के निर्देश दिये तथा सभी पशुओं का टीकाकरण कराये जाने लिये भी निर्देशित किया। नोडल अधिकारी ने विकास भवन स्थित एकीकृत कोविड कमाण्ड एवं कन्ट्रोल सेन्टर का निरीक्षण किया तथा वहां पर कार्यरत कर्मियों से वार्ता कर जानकारी ली कि अब तक कितने होम आईसोलेट हुये हैं और उनको क्या.क्या सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका वैभव त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क नहीं तो मतदान नहीं, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

सिधौली,सीतापुर। सिधौली विधानसभा के बाड़ी गांव निवासियों ने बाड़ी संपर्क मार्ग जर्जर होने व कई बार जनप्रतिनिधियों से कहने के बाद भी ना बनवाए जाने को लेकर मतदान का बहिष्कार किया है। जिसको लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सड़क नहीं तो मतदान नहीं की जानकारी दी। बाड़ी गांव के दर्जनों ग्रामीण जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राशिद खान की नेतृत्व में तहसील परिसर पहुंचे और वहां पर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार आरपी सिंह को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बीते कई बार 8 वर्षों से मिश्रिख मार्ग से बाड़ी जाने वाली सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। जगह जगह पर बरसात के मौसम में सड़क पर पानी भर जाता है। जिससे बाड़ी सहित काजी कोला आज गांव के लोगों को आने जाने में काफी परेशानियां होती हैं। जबकि इस गांव की दूरी तहसील मुख्यालय से मात्र 3 किलोमीटर ही है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साहिल ने बताया बीते वर्षों में कई बार निर्माण विभाग विकाश खंड कार्यालय के सम्बन्धित अधिकारियों से पत्राचार भी किया गया लेकिन किसी के द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई। इस अवसर पर नुरुल हसन, रिहान अहमद, रिजवान, मन्नान, सदाना, सद्दाम, विश्वनाथ, राजू, इस्लाम, मोइनुद्दीन खान, राजेश मिश्रा, तनवीर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी बैठक करके टीकाकरण की प्रभावी रणनीति तैयार करेंगे: अविनाश कुमार

हरदोई।निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में टीकाकरण कार्य को शत–प्रतिशत पूर्ण कराये जाने हेतु जिलाधिकारी अविनाश कुमार द्वारा विकास भवन सभागार में समस्त एमओआईसी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा ब्लाकवार तैनात किए गए नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करके विभिन्न दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने ब्लाक परिक्षेत्र में अवस्थित माध्यमिक विद्यालयों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर, प्रभारी चिकित्सा अधिकारीगण से समन्वय कर इसी सप्ताह कोविड टीकाकरण कैम्प का आयोजन करायेंगे तथा प्रबन्धक एवं प्राचार्य एवं ग्राम प्रधान के सहयोग से 15 से 18 साल के बच्चों का शत–प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करायेंगें। खण्ड शिक्षा अधिकारी 15–18 साल के ऐसे बच्चें जो विद्यालय नहीं जाते हैं,

,उनकी लाईन लिस्टिंग शिक्षा मित्र एवं अनुदेशकों के माध्यम से कराकर निर्धारित प्रारूप पर सूची मोबाइल नम्बर एवं आधार नम्बर सहित संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारीण को उपलब्ध कराते हुए उसका संख्यात्मक विवरण मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। जिन नागरिकों को प्रथम डोज लगाया जा चुका है तथा द्वितीय डोज ड्यू हैं, उनकी ब्लाक वार सूची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को आज ही उपलब्ध करा दी जायेगी। सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी दिनांक 13, 14 एवं 15 जनवरी, 2022 को ब्लाक संसाधन केन्द्र पर 25–25 अध्यापकगण को बुलाकर द्वितीय डोज हेतु ड्यू व्यक्तियों को कालिंग करायेंगे तथा सूची में ग्राम का नाम अंकित कर संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे ताकि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा कलस्टर बनाकर उनका टीकाकरण कराया जा सकें। दिनांक 15–01–2022 को खण्ड शिक्षा अधिकारी इस आशय का प्रमाण पत्र मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे कि उनके विकास खण्ड की द्वितीय डोज हेतु ड्यू व्यक्तियों की सूची में वर्णित शत–प्रतिशत व्यक्तियों को कालिंग कराकर,उनके नाम के सम्मुख ग्राम का नाम अंकित कर सूची एमओआईसी को उपलब्ध करायी जा चुकी है। कोविड टीकाकरण अभियान को गति प्रदान करने हेतु विशेष अभियान संचालन हेतु तथा उसका प्रभावी अनुश्रवण हेतु विकास खण्डवार नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। बावन में जिला प्रशिक्षण अधिकारी, हरियावां में जिला प्रोबेशन अधिकारी, टड़ियावां में जिला गन्ना अधिकारी, अहिरोरी में उपायुक्त व्यापार कर, सुरसा में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, मल्लावां में अपर मुख्य अधिाकारी जिला पंचायत, माधौगंज में परियोजना निदेशक डीआरडीए, बिलग्राम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, साण्डी में जिला युवा कल्याण अधिकारी, हरपालपुर में जिला समाज कल्याण अधिकारी, भरखनी में उपायुक्त उद्योग केन्द्र, शाहाबाद में जिला पूर्ति अधिकारी, टोडरपुर में प्रभागीय निदेशक साामाजिक वानिकी, पिहानी में जिला उद्यान अधिकारी, भरावन में जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास, कोथावां में उप निदेशक शोध, सण्डीला में सहायक निदेशक मत्स्य, कछौना में सहायक निदेशक बचत तथा बेहन्दर में उप निदेशक कृषि को नोडल अधिकारी बनाया गया है। समस्त नोडल अधिकारी दिनांक 13 जनवरी,2022 को संबंधित विकास खण्ड में जाकर प्रधान,सचिव, पंचायत सहायक, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के साथ बैठक करके टीकाकरण की प्रभावी रणनीति तैयार करेंगे तथा अगले तीन दिन तक ब्लाक मुख्यालय पर उपस्थित रहकर या क्षेत्र में भ्रमण करके टीकाकरण कार्य का प्रभावी पर्यवेक्षण करेंगे तथा प्रत्येक दो–दो घण्टे में टीकाकरण की सूचना मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, आकांक्षा राना के साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ओपी तिवारी एवं समस्त नोडल अधिकारी,समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सरदारों ने मनाया प्रकाश पर्व का त्यौहार

महोली,सीतापुर। नगर में हाईवे के समीप गुरुद्वारा परिसर में सिख समाज के लोगों ने अपने धर्मगुरू गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर प्रकाश पर्व के रूप में लोहड़ी का त्यौहार मनाया। नगर की गुरुद्वारा कमेटी के आयोजक जगप्रीत सिंह जीतू ने पूरे क्षेत्र के सिख समुदाय के लोगों के सहयोग से भव्य रथ पर गुरु ग्रंथ साहब की शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा के दौरान भव्य रथ तथा पंच प्यारे के नाम से आगे चल रहे पांच लोगों पर फूल बरसाए। नगर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा पंच प्यारे शोभा यात्रा के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिस पर तमाम लोगों ने गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर लंगर चखकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके दौरान तमाम सिख बच्चों ने भी कई तरह के शस्त्रों से सुसज्जित रंगारंग कार्यक्रम पेश किये। इस प्रकाश पर्व आयोजन में क्षेत्र के सिख समुदाय के लोगों के साथ समाज के लोगों ने भी बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया।

# अस्थायी गौ आश्रय स्थलों की फर्जी आख्या लगाकर ब्लॉक कर्मचारी कर रहे गुमराह

पहला,सीतापुर। विकासखण्ड पहला के ब्लॉक कर्मचारियों का अजब गजब कारनामा सामने आ रहे हैं। जिनमें जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गौवंश को तत्काल पकड़वा कर उन्हें 10 जनवरी तक अस्थायी गौ आश्रय स्थल बनवाकर उनमें उचित व्यवस्था कर पहुंचने के आदेशों की पहला ब्लॉक कर्मचारियों ने अपने ढंग से निस्तारण कर दिया और फर्जी तरीके से फोटो खींचकर शासन प्रशासन को भेजकर इतिश्री कर वाहवाही लूट ली। मिली जानकारी के अनुसार विगत दिनों जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गौ वँशो को पकड़वा कर उन्हें 10 जनवरी तक अस्थायी गौ आश्रय स्थलों में भेजने के सख्त आदेश किये थे। मगर उनके ही मातहतों द्वारा उनके आदेशो को दरकिनार कर गांव के ही जानवरों को खड़ाकर उनके फोटो खींचकर भेज कर अजब ढंग से निस्तारण कर दिया गया। जबकि हमारे संवाददाता द्वारा लगभग 50 गांवों की पड़ताल की गई तो ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग छुट्टा जानवरों से परेशान हैं दिन रात खेतों में रखवाली करते हैं। मगर जरा सा चूक जाने पर फसल चौपट हो जाती है। हम लोगों को जिलाधिकारी के आदेश से कुछ उम्मीद की किरण नजर आई थी।

मगर ब्लॉक कर्मचारियों द्वारा जिलाधिकारी को भी गुमराह कर

# भण्डारण एवं निकासी कराते समय कृषकों एवं व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो:- आकांक्षा राना

हरदोई।मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई आकांक्षा राना द्वारा लखनऊ रोड स्थित एसएम शीतगृह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस कोल्ड स्टोर की भण्डारण क्षमता 8545 मैट्रिक टन है उक्त के सापेक्ष 4000 मैट्रिक टन आलू का भण्डारण किया गया था, जिसकी शत–प्रतिशत निकासी हो चुकी है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शीतगृह के मशीनरी रूम का निरीक्षण किया गया मौके पर मशीनों की रिपेरिंग का कार्य चल रहा था । मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तत्काल रिपेयर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात भण्डारण कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा आलू भण्डारण रीति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित प्रबन्धक राम निवास दीक्षित से शीतगृह के अभिलेख स्टोर लेजर, निकासी पंजिका आमद रसीद किराया शीत आदि मांगे गये, जिन्हें प्रबन्धक द्वारा दिखाया गया । उक्त आलेख मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवलोकित करते हुए प्रबन्धक को निर्देशित किया गया है कि शीतग्रह की नियमित जॉच लोक निर्माण के अभियंताओं एवं टेक्नीकल टीम से कराते रहे तथा ऐसी व्यवस्था करें रखें कि भण्डारण एवं निकासी कराते समय कृषकों एवं व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो साथ भण्डारण एवं निकासी की दैनिक सूचना नोटिस बोर्ड पर अवश्य चस्पा की जाये। निरीक्षण के समय सुरेश कुमार जिला उद्यान अधिकारी एवं प्रबंधक राम निवास दीक्षित उपस्थित रहे।

# साण्डी इलाके में लगातार हो रही चोरियां,किसी भी चोरियों का पुलिस नहीं कर सकी खुलास

हरदोई।सांडी कस्बे के मोहल्ला मुंशीगंज में प्राचीन बाबा कमलेश्वर नाथ मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़े मंदिर की शिवलिंग के ऊपर 2 किलो के चांदी के छतर चढ़ा हुआ था, बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा उखाड़ ले गए हैं इससे पूर्व में भी 15 दिन पहले शिवलिंग के पास चांदी के शेषनाग को भी अज्ञात चोरों द्वारा तोड़े गए थे लेकिन अभी तक किसी भी चोरियों का खुलासा साण्डी पुलिस नहीं कर पा रही है,वहीं सांडी कस्बे के प्राचीन बाबा कमलेश्वर नाथ मंदिर के भक्त गणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज मुकुल दुबे और भक्त गणों ने मुकदमा पंजीकृत करने की बात कही गई है। आपको बता दें,साण्डी कस्बे में लगातार हो रही चोरियों को अभी तक सांडी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है पुलिस प्रशासन पर भी लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं।

# देश के युवाओं की आशा है अखिलेश यादव: एडवोकेट आदर्श

हरदोई।समाजवादी पार्टी लोहियावाहिनी के राष्ट्रीय सचिव आदर्श दीपक मिश्रा एडवोकेट हाई कोर्ट ने आज अपने कैम्प कार्यालय से सभी समाजवादी योद्धाओं पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी तैयारी को लेकर वर्चुअल जनसंवाद समागम कार्यक्रम की शुरुआत की। वर्चुअल कार्यक्रम में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री मिश्रा एडवोकेट हाई कोर्ट ने कहा समाजवादी योद्धा चुनाव के लिए तैयार देश के युवाओं की आशा है अखिलेश यादव, लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी समाजवादी साथियों को एकजुट होना पड़ेगाष्जनता को उम्मीद है कि समाजवादी पार्टी आएगी तो नौजवानों को रोजगार मिलेगा, समाज का उत्थान होगा, किसान को लाभ होगा, प्रदेश का विकास होगा, हमारी पहले की सरकार ने सभी वादे पूरे किए थे।ष शाहबाद विधानसभा के लोग एकजुट होकर इस आताताई सरकार को हटाने का काम करेंगे भाजपा ऐसा राजनीतिक दल है जो सिर्फ चुनाव लड़ता है, विकास तथा जनहित से उसका थोडा भी लेना देना नहीं है। भाजपा की रणनीति चुनाव को जटिल बनाने और सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग कर चुनाव की निष्पक्षता को प्रभावित करने की है।

लोकतंत्र में भाजपा का आचरण हर तरह से अमर्यादित और लोकलाज से परे है। भाजपा ने किसानों, नौजवानों के भविष्य को रौंदने का काम किया है। वह भ्रमजाल फैलाने में माहिर है। विकास समाजवादी सरकार ने किया, भाजपा बिना कुछ काम किए अपने झूठे दावे कर रही है। मुख्यमंत्री जी के पास गिनाने को अपना एक काम नहीं है। उनके रिपोर्ट कार्ड में ध्वस्त कानून व्यवस्था, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की बढ़ती घटनाएं, स्वास्थ्य क्षेत्र की बदहाली, शिक्षा में अव्यवस्था, महंगाई और भ्रष्टाचार है। नीति आयोग भाजपा सरकार को कई क्षेत्रों में फिसड्डी घोषित किया है। इसमें दो राय नहीं कि सन् 2022 का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।

संवैधानिक संस्थाओं को भाजपा सरकार ने जानबूझकर कमजोर किया है। समाजवादी सरकार ने बुनियादी ढांचों के विस्तार देने का काम किया। भाजपा सरकार झूठे विज्ञापनों में कभी चीन, कभी कलकत्ता के दृश्य दिखाकर अपनी वाहवाही की है। भाजपा की रैलियों में सरकारी साधनों का पूरी तरह दुरुपयोग करने के बाद भी समाजवादी विजय रथ यात्रा का भाजपा मुकाबला नहीं कर सकी। सपा की सफल रैलियों से डरी भाजपा अब साजिशों में जुट गई है। एक समाजवादी रथ छह भाजपाई रथों पर भारी पड़ गया है। जनता का प्रबल समर्थन समाजवादी पार्टी को मिला है। अब समाजवादी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों सभी की जिम्मेदारी है कि बिना समय गंवाएं घर–घर दर–दर पर समाजवादी पार्टी के लिए दस्तक दें।

समाजवादी प्रत्येक से निवेदन करेंगे कि 2022 का चुनाव लोकतंत्र के साथ विकास के लिए भी हो रहा है। समाजवादी पार्टी की जीत से ही खुशहाली और समृद्धि के रास्ते खुलेंगे। वर्चुअल समागम कार्यक्रम में शाहाबाद विधानसभा के सैकड़ों संख्या में नौजवान किसान व्यापारी अधिवक्ता जुड़कर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुचाने व 2022मे समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर मा0अखिलेश यादव जी को पूर्ण बहुमत की सरकार के साथ मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।। कार्यक्रम मे.वरिष्ठ नेता प्रहलाद मिश्रा,सपा नेता अंकित गुप्ता, राम सुत सविता मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो होंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापक:- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक:- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपर:- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# आपको मौत दे सकता है ज्यादा पानी पीना, जानिए ओवरहाइड्रेशन के लक्षण



ठंड में अक्सर लोग कम पानी पीने लगते हैं लेकिन ठंड के दिनों में अपने आपको सुफूर्तिभरा रखने के लिए पानी बहुत जरुरी है। हम सभी जानते हैं कि शरीर के लिए पानी बेहद आवश्यक है, हालाँकि पानी हमेशा सीमित मात्रा में होना चाहिए। कई बार लोग पानी बहुत अधिक पी लेते हैं और शरीर में पानी की अधिकता कई तरह की बीमारियों को जन्म दे सकती है। अब आज हम आपको बताने जा रहे हैं अधिक पानी पीने के नुकसान के बारे में।

ज्यादा पानी पीने से ओवरहाइड्रेशन हो सकता है तो सबसे पहले जान लीजिये इसके लक्षण

सिर में दर्द होना थकान महसूस होना चक्कर आना मतली की समस्या धुंधला नजर आना हर समय सुस्ती महसूस होना

बेचौनी होना चिड़चिड़ापन होना मांसपेशियों में कंपन मांसपेशियों में ऐंठन दस्त लार गिरना

हाइपरपीरेक्सिया यानी तेज बुखार

एनहाइड्रोसिस यानी पसीना न आना

केवल यही नहीं बल्कि इसके अलावा, ओवरहाइड्रेशन का उपचार न कराया जाए, तो ये लक्षण हल्के भ्रम से बेहोशी में बोलने, दौरा पडना, कोमा या फिर मृत्यु का कारण बन सकता है।

ज्यादा पानी पीने के नुकसान– हाइपोनेट्रेमिया का जोखिम– ज्यादा पानी पीने से हाइपोनेट्रेमिया हो सकता है। यह तब होता है जब रक्त में सोडियम की मात्रा असामान्य रूप से कम हो जाती है। ऐसा ओवरहाइड्रेशन यानी अत्यधिक मात्रा में पानी पीने के कारण हो सकता है।

सूजन की परेशानी– ज्यादा पानी पीने से सूजन की समस्या भी हो सकती है। जब शरीर में सोडियम का स्तर कम हो जाता है, तो पानी कोशिकाओं में प्रवेश करने लगता है। इस वजह से कोशिकाओं के अंदर पानी की मात्रा अत्यधिक हो जाती है, जिसकी वजह से कोशिकाओं में सूजन आ सकती है। डायरिया की समस्या– पानी ज्यादा पीने से डायरिया जैसी समस्या हो सकती है। जी दरअसल डायरिया वाटर इंटॉक्शिकेशन यानी ओवरहाइड्रेशन के प्रारंभिक लक्षणों में से एक है।

## पुरस्कार जीतने के बारे में सोचकर फिल्में साइन नहीं करती हूं वाणी कपूर

शमशेरा में नजर आने वाली अभिनेत्री वाणी कपूर का कहना है कि वह कभी भी यह सोचकर फिल्में नहीं चुनती हैं कि वह उनके लिए पुरस्कार जीतेंगी, वह हर फिल्म अपने दिल से चुनती हैं। वाणी कहती हैं कि मैंने कभी भी यह सोचकर फिल्मों का चयन



नहीं किया कि मैं उनके लिए पुरस्कार जीतूंगी। मैंने हमेशा अपने दिल से परियोजनाओं को चुना है और इसलिए मैं भाग्यशाली हूं कि मेरी फिल्मोग्राफी में चंडीगढ़ करे आशिकी जैसी फिल्म हैं। ऐसा प्रोजेक्ट मिलना दुर्लभ है जो आपको निखरे , चुनौती दे। मानवी एक विचार और दुनिया के लिए एक आदर्श है और मैं धन्य हूं कि मुझे इस किरदार को निभाने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि अगर लोगों ने मेरे अभिनय को पसंद किया है तो ऐसा इसलिए है क्योंकि चरित्र को खूबसूरती से और गरिमा के साथ लिखा गया है। अभिनेत्री ने कहा, अगर मुझे पुरस्कार मिला, तो मैं उसे भारत में ट्रांसजेंडर समुदाय को समर्पित कर दूंगी। अगर फिल्म जीतती है या मेरा प्रदर्शन जीतता है, तो यह लोगों को दिखाएगा कि मुख्यधारा का मीडिया इस विचार को स्वीकार कर रहा है। यह बहुत जरूरी बदलाव है। मुख्यधारा के मीडिया में समाजों को बदलने, इसे विकसित करने और बेहतर बनने की शक्ति है। लेकिन हमने पुरस्कारों को ध्यान में रखते हुए फिल्म नहीं बनाई है। अभिषेक कपूर चाहते थे कि फिल्म हम सबके दिमागों को खोलें।उन्होंने कहा कि हमने खुद को बदलने, समाज कैसा है और आने वाली पीढियों के लिए समाज कैसा होना चाहिए, इस बारे में विचार करने के लिए फिल्म बनाई है।




# सोहा अली में फिर जागी अभिनय की दिलचस्पी



बालीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान का कहना है कि अब उनके पास अपने काम में ऊर्जा लगाने का समय है और उनकी पहली वेब सीरीज श्कौन बनेगी शिखरवतीा उसी दिशा में एक कदम है। सोहा ने कहा कि अभिनय में श्फिर से दिलचस्पीा तब जगी जब उन्हें महसूस हुआ कि वह एक मां और एक अभिनेत्री के रूप में अपने जीवन में संतुलन बना सकती हैं।

उन्होंने कहा, श्मुझे अभिनय के प्रति एक बार फिर रुचि जगी है... एक जिम्मेदार माता–पिता बनना संभव है और यह भी संभव है कि आपका अपना करियर हो और दोनों ही करना बहुत महत्वपूर्ण है। बतौर करियर मेरी पसंद अभिनय रहा है। मैं वास्तव में इसका आनंद लेती हूं।ाग्गुजरे समय की मशहूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और दिवंगत क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी की बेटी सोहा ने अपनी मां और भाई सैफ अली खान के नक्शेकदम पर चलते हुए सिनेमा में करियर बनाया। 43 वर्षीय अभिनेत्री को श्रंग दे बसंतीा, श्आहिस्ता आहिस्ताा, श्मुंबई मेरी जाना और श्साहब, बीवी और गैंगस्टर रिटर्न्सा जैसी फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। बेटी इनाया के जन्म के बाद उन्होंने उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लिया था। उनकी आखिरी फिल्म 2018 की फिल्म श्साहब, बीवी और गैंगस्टर 3ा थी। उन्होंने कहा, श्लॉकडाउन के बाद मैं बहुत खुश थी क्योंकि मुझे उन लोगों के लिए कोई बहाना नहीं बनाना था जिन्होंने कहा था कि आप बाहर क्यों नहीं हैं? आप काम क्यों नहीं कर रही हैं? आप दूसरी किताब क्यों नहीं लिख रही हैं? मैं उन्हें यही कहती कि अभी लॉकडाउन है, बेटी की ऑनलाइन क्लास है।ा श्चीजें फिर से थोड़ी खुलने लगीं। फिर यह शो (कौन बनेगी शिखरवती) हुआ और वह भी महामारी के चरम पर। उन्होंने राजस्थान में संक्रमण मुक्त माहौल बनाया जिससे हम वहां शूटिंग करने में कामयाब रहे।ा सोहा ने कहा कि वह अच्छी तरह जानती हैं कि अभिनय एक श्समय लेने वाला पेशाा है, जिससे एक व्यक्ति को दिन में 12–14 घंटे घर से दूर रहना पड़ता है, लेकिन वह अब उस समय का उपयोग करने के लिए तैयार हैं। सोहा ने अपनी पहली किताब श्द पेरिल्स ऑफ बिइंग मॉडरेटली फेमसा 2017 में लिखी थी। श्कौन बनेगी शिखरवतीा जी5 पर शुक्रवार से दिखाई जाएगी।

# पुष्पाः द राइज की जारी है बॉक्स ऑफिस की कमाई




फिल्म पुष्पारू द राइज की बॉक्स ऑफिस की कमाई जारी है। दक्षिण भारत के सुपर सितारे अल्लू अर्जुन की पहली पैन इंडिया फिल्म पुष्पा रू द राइज को पिछली 7 तारीख को ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन पर जारी की थी। यह फिल्म अब अमेजन पर हिन्दी भाषा में भी प्रदर्शित कर दी गई है। ओटीटी पर आने के बावजूद इसका कारोबार बॉक्स ऑफिस पर थम नहीं रहा है। अपने चौथे वीकेंड में इस फिल्म ने हिन्दी भाषा में बॉक्स ऑफिस पर अब तक 80 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करके बॉलीवुड को हैरान कर दिया है। वैसे देखा जाए तो हैरान दक्षिण भारतीय बॉक्स ऑफिस भी है, क्योंकि जिस अंदाज में इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शुरूआत की थी उससे उम्मीद नहीं की जा रही थी कि यह फिल्म 300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफल हो जाएगी। यह अल्लू अर्जुन की लगातार दूसरी ऐसी फिल्म बन गई है जिसने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ का कारोबार किया है। साथ ही यह उनकी करियर की पहली ऐसी फिल्म बनी है जिसने 300 करोड़ के बैंच मार्क को छुने में सफलता प्राप्त की है।

आश्चर्य की बात यह है कि जहाँ कोरोना का रोना रोते हुए निर्माता निर्देशक अपनी फिल्मों का प्रदर्शित स्थगित कर रहे हैं उसके बावजूद एक मात्र अल्लू अर्जुन की फिल्म कोरोना वायरस को मात देते हुए दर्शकों को अभी भी सिनेमाघरों की ओर आकर्षित कर रही है। फिल्म ने शुक्रवार को 1.95 करोड़ रुपये कमाए थे। इसके बाद फिल्म ने शनिवार को 2.56 करोड़ रुपये कमाए थे। ऐसे में फिल्म ने रविवार के दिन 3.48 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस फिल्म ने अब तक हिन्दी बॉक्स ऑफिस पर 80. 48 करोड़ का बिजनेस किया है। ट्रेड एक्सपट्र्स के मुताबिक फिल्म जल्द ही 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो सकती है। सुकुमार के निर्देशन में बनकर तैयार हुई ये फिल्म इंडियन बॉक्स ऑफिस पर लगभग 325 करोड़ रुपये कमा चुकी है। शुरुआती आंकड़े देखने के बाद मेकर्स को उम्मीद नहीं थी कि ये फिल्म इतनी जबरदस्त कमाई करेगी। फिल्म में अल्लू अर्जुन–रश्मिका मंदाना के अलावा फहाद फासिल भी अहम किरदार में हैं। अल्लू अर्जुन की ये फिल्म अमेजॉन प्राइम पर हिंदी भाषा को छोडकर बाकी सभी भाषाओं में रिलीज हुई थी।



# कुछ टिप्स अपनाकर आप भी काले होंठों को बनाए गुलाबी

आज के समय में टैनिंग अर्थात कालापन सबसे बड़ी समस्या है। जी दरअसल आज के समय में यह त्वचा की सुंदरता में कमी लाने का कारण बनता हैं। इस वजह से महिलाएं टैनिंग होते ही इससे जुड़े उपाय करने लगती हैं ताकि उनकी सुंदरता बनी रहे। हालाँकि कई बार कोई फायदा नहीं होता। अब आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं जो आपके काले होंठों को गुलाबी बना सकते हैं। आइए जानते हैं। केसर और दूध– केसर के इस्तेमाल से भी होंठों का कालापन दूर होता है। जी दरअसल कच्चे दूध में केसर मिलाकर उसे रात को होंठों पर लगा कर सो जाएं, सुबह ठंडे पानी से चेहरा धो लें। चुकंदर– चुकंदर को काटकर टुकड़ों को होंठों पर घिसें या फिर इस का रस निकाल कर नींबू के रस में मिला कर भी लगा सकती हैं। ऐसा हर दिन करने से होंठ गुलाबी व चमकदार बनते हैं। अनार– अनार के रस के प्रयोग से भी टैनिंग दूर होती है। आप इसको हल्दी के साथ मिलाकर होंठों पर लगाएं। करीब 15 मिनट बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। गुलाब की पंखुडियां– होंठों की टैनिंग को दूर करने के लिए गुलाब की पंखुडियां बहुत ही फायदेमंद होती हैं। आप इन्हें पीसकर थोड़ी सी ग्लिसरीन मिलाकर घोल तैयार करें और इस घोल को रोज रात को होंठों पर लगा कर सो जाएं, सुबह धो लें। नींबू– सुबह और शाम के समय नींबू के रस को होठों पर रगड़ें। करीब 10 मिनट बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। जी दरअसल यह टैनिंग दूर करने का बहुत ही कारगर उपाय है।